दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास....

सूर्या के आगे पानी भरते दिखे ...8

सिद्धार्थनगर
सोमवार , 18 मई 2026
वर्ष: 13 अंक : 149 पृष्ठ: 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित ।

सम्पादक : राजेश शर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश 8795951917, 9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## पश्चिम एशिया के खतरे को भेदकर 20 हजार टन एजपीजी लेकर गुजराज पहुंचा टैंकर सिमी

पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और सुरक्षा खतरों के बीच, 20 हजार टन एलपीजी लेकर सिमी नाम का एक बड़ा जहाज रविवार को गुजरात के कांडला में दीनदयाल पोर्ट पर सुरक्षित पहुंचा। इस मालवाहक जहाज ने 13 मई को सबसे खतरनाक माने जाने वाले होर्मुज स्ट्रेट को पार किया था।




भारत में कच्चे तेल के भंडार में आई कमी: यह जहाज ऐसे समय में भारत आया है जब पश्चिम एशिया के संघर्ष की वजह से दुनिया भर में ईंधन की सप्लाई पर भारी दबाव है। पिछले कुछ महीनों में भारत का कच्चा तेल भंडार तेजी से कम हुआ है और इसमें लगभग 15: की गिरावट दर्ज की गई है।

कमोडिटी एनालिटिक्स फर्म केपलर के आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी के अंत में भारत का कुल कच्चा तेल भंडार 107 मिलियन बैरल था, जो अब घटकर 91 मिलियन बैरल रह गया है। इस भंडार में पेट्रोलियम कंपनियों, रिफाइनरी और व्यापारिक गोदामों में रखा तेल शामिल है। रिफाइनरी के कामकाज पर क्या होगा असर?: कच्चे तेल के आयात में कमी के बावजूद, भारत की तेल रिफाइनरियों ने फिलहाल अपना काम सामान्य रूप से जारी रखा है और तेल साफ करने के काम में कोई बड़ी कटौती नहीं की है। हालांकि, बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अगर कच्चे तेल की सप्लाई में यह रुकावट लंबे समय तक बनी रही, तो आगे चलकर भारतीय रिफाइनरियों को अपना काम कम करना पड़ सकता है।

### जहाज की सुरक्षा के कड़े इंतजाम

इस जहाज पर कुल 21 क्रू सदस्य सवार हैं, जिनमें 8 यूक्रेन के और 13 फिलीपींस के नागरिक हैं। सुरक्षा की कड़ी निगरानी के बीच होर्मुज स्ट्रेट को पार करने वाला श्सिमीश 11वां एलपीजी टैंकर बन गया है। अधिकारियों के अनुसार, भारत सरकार के जहाजरानी विभाग, विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के बीच बेहतरीन तालमेल की वजह से ही इस जहाज को सुरक्षित भारत लाना संभव हो पाया।

## सीबीएसई : 100 रुपये देकर छात्र देख सकेंगे उत्तर पुस्तिका

कॉपी चेकिंग को लेकर चल रहे विवाद के बीच सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने छात्रों के हक में एक बड़ी घोषणा की है। अब कोई भी छात्र मात्र 100 रुपये का शुल्क देकर अपनी आंसर शीट देख सकता है। आपको बता दें कि पहले इसके लिए छात्रों को 700 रुपये देने पड़ते थे। इसके अलावा, यदि कोई छात्र किसी विशेष सवाल की दोबारा जांच कराना चाहता है, तो उसके लिए प्रति प्रश्न 25 रुपये का शुल्क तय किया गया है। ऑन–स्क्रीन मार्किंग पर सरकार और बोर्ड की सफाई: कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा ऑन–स्क्रीन मार्किंग को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर




विद्यालय शिक्षा सचिव संजय कुमार और सीबीएसई अध्यक्ष राहुल सिंह ने स्थिति साफ की। उन्होंने माना कि इस नई व्यवस्था को लेकर बच्चों और अभिभावकों में काफी बेचैनी है और छात्रों को लग रहा है कि इस वजह से पास होने का प्रतिशत घटा है। इस पर अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह पहली बार नहीं है जब डिजिटल चेकिंग हो रही है, बल्कि साल 2014 में ही **OSM** की शुरुआत की गई थी। इस साल हमने इसे फिर से लागू किया है। विदेशों में भी टेक्नोलॉजी के माध्यम से इसी तरह बहुत सी जगहों पर मार्किंग की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि सीबीएसई में कॉपियों के रीवैल्युएश का नियम हमेशा से रहा है और बच्चे इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड पूरी पारदर्शिता के साथ कॉपियों की जांच करेगा क्योंकि वे बच्चों और माता–पिता की चिंता को अच्छी तरह समझते हैं।

98 लाख से ज्यादा कॉपियां डिजिटल माध्यम से जांची गईं

सीबीएसई के अनुसार, इस बार कक्षा 12वीं के लगभग 98 लाख 66 हजार उत्तर पुस्तिकाओं की जांच डिजिटल यानी ऑन–स्क्रीन मार्किंग के जरिए की गई। इसके लिए पहले सभी कॉपियों को स्कैन करके उनकी पीडीएफ (च्क्थ्) फाइल बनाई गई और फिर उन्हें सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से कॉपियां जांचने वाले शिक्षकों को भेजा गया।

## सीएम योगी का एलान: प्रदेश में होगी 21500 शिक्षकों-अनुदेशकों की भर्ती, 11508 शिक्षकों के लिए भेजा गया प्रस्ताव

लखनऊ । सीएम रविवार को लोकभवन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 24717 अंशकालिक अनुदेशकों



के सम्मान समारोह एवं बढ़े हुए मानदेय के चेक वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सीएम ने कहा कि शिक्षा आयोग का गठन किया गया है, जो विभिन्न स्तरों पर शिक्षकों का चयन कर रहा है। 11508 नए शिक्षकों का अधियाचन भेजा जा चुका है। साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नए अनुदेशकों की नियुक्ति भी की जाएगी।

सीएम ने वितरित किए अनुदेशकों को बढ़े मानदेय के चेक

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2011–12 में सात हजार रुपये मासिक पर अंशकालिक अनुदेशकों की नियुक्ति शुरू की गई थी। वर्ष 2022 तक इनके मानदेय में कोई वृद्धि नहीं हुई। वर्ष 2022 में 2000 रुपये की वृद्धि हुई, लेकिन सरकार स्वयं भी इससे संतुष्ट नहीं थी। ऐसे में अब अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाकर 17000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। उनके परिवारों को 5 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवर भी दिया है। उन्होंने कहा कि सभी अनुदेशक बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा तैयार पोर्टल पर तत्काल पंजीकरण कराएं ताकि अगले सप्ताह बड़े समारोह में स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों, 24,296 अनुदेशकों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सामाजिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है।सरकार ने वर्ष 2019 में अनुदेशक बहनों को छह माह का पूर्ण मानदेय सहित मातृत्व अवकाश दिया था। वर्ष 2023 में स्वेच्छा से विद्यालय परिवर्तन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

### शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं सम्मान करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर बच्चा किसी न किसी प्रतिभा के साथ जन्म लेता है। उसकी प्रतिभा में पहचानने की जरूरत है। बच्चे आत्म अनुशासन, समय पालन, स्वच्छता और संस्कार शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार बच्चे श्रमदान करते हैं। मीडिया में बच्चों के श्रमदान को नकारात्मक रूप में प्रस्तुत किया जाता है। यह गलत है। बच्चों में अनुशासन और स्वच्छता की भावना विकसित करने वाले शिक्षकों को दंडित करने के बजाय सम्मानित किया जाना चाहिए।

### दो देशों के बीच तनाव से पूरी दुनिया परेशान

मुख्यमंत्री ने वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे ईरान और अमेरिका के बीच तनाव का प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ता है, उसी प्रकार यदि कोई बच्चा शिक्षा से वंचित रह जाता है तो उसका दुष्परिणाम पूरे समाज और राष्ट्र को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और शिक्षा क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन भविष्य के भारत की मजबूत नींव तैयार करेंगे।

## मुख्यमंत्री विजय से जलन की अफवाहों पर रजनीकांत ने पूरी तरह किया खारिज

सुपरस्टार रजनीकांत ने रविवार को उन चर्चाओं को पूरी



तरह खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि उन्हें तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय से जलन है। चेन्नई के पोएस गार्डन स्थित अपने घर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए रजनीकांत ने साफ किया कि हाल ही में डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन के साथ उनकी मुलाकात सिर्फ एक दोस्ती के नाते हुई थी और उसके पीछे कोई राजनीतिक मकसद नहीं था। उन्होंने अफवाहों का जवाब देते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन से मिलना, विजय के मुख्यमंत्री बनने के रास्ते में रुकावट डालना या पार्टियों को आपस में जोड़ना नहीं था।

बचपन से विजय को आगे बढ़ते देखा: रजनीकांत ने पुरानी यादें साझा करते हुए कहा, ष्मैंने विजय को बचपन से देखा है। अगर वे मुख्यमंत्री बन गए हैं, तो मुझे उनसे जलन क्यों होगी? वे महज 52 साल की उम्र में इतने ऊंचे पद पर पहुंच गए हैं और उन्होंने एमजीआर और एनटीआर से भी ज्यादा हासिल कर लिया है। मुझे उनसे जरा भी ईर्ष्या नहीं है।ष इसके साथ ही रजनीकांत ने विजय को उनकी ऐतिहासिक जीत पर बधाई भी दी।

### रजनीकांत ने की विजय की तारीफ

*टीवीके के संस्थापक और मुख्यमंत्री विजय के प्रति किसी भी तरह की कड़वाहट से इनकार करते हुए जेलर स्टार रजनीकांत ने कहा कि उनके और नए मुख्यमंत्री के बीच उम्र का 25 साल का बड़ा अंतर है। उन्होंने विजय की कम उम्र में मिली बड़ी सफलताओं की तारीफ की। रजनीकांत ने कहा कि विजय ने इतनी छोटी उम्र में जो हासिल किया है, वह सिनेमा और राजनीति के दिग्गज नेता एमजीआर और एनटीआर की उपलब्धियों से भी कहीं बढ़कर है। आपको बता दें कि एमजीआर और एनटीआर अपने समय में क्रमशः तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे।*

## सीबीएसई की तीन भाषाओं की अनिवार्यता पर फिर छिड़ी बहस, डीएमके बोली- ये जबरन थोपने की कोशिश

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने कक्षा 9वीं के छात्रों के लिए एक बड़ा बदलाव किया है। 1 जुलाई 2026 से 9वीं कक्षा के छात्रों के लिए तीन भाषाओं की पढ़ाई करना पूरी तरह अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि, बोर्ड ने छात्रों को राहत देते हुए यह भी साफ कर दिया है कि कक्षा 10वीं में इस तीसरी भाषा के लिए कोई मुख्य बोर्ड परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। दो भारतीय भाषाएं होना जरूरी: 15 मई को जारी किए गए एक आधिकारिक सर्कुलर में बोर्ड ने बताया कि छात्रों द्वारा चुनी जाने वाली इन तीन भाषाओं में से कम से कम दो भाषाएं भारतीय मूल की होनी चाहिए। सीबीएसई का यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचा 2023 के नियमों के तहत उठाया गया है। डीएमके ने फैसले का किया विरोध: सीबीएसई की इस तीन–भाषा नीति पर चेन्नई में डीएमके के प्रवक्ता टी.के.एस. एलंगोवन ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

## लखनऊ में हाईकोर्ट के आदेश पर बुलडोजर एक्शन, वकीलों के 200 अवैध चौंबर ध्वस्त

लखनऊ। आज रविवार सुबह नौ बजे से लखनऊ के कैसरबाग इलाके में स्थित पुराने हाईकोर्ट भवन के चारों तरफ बने अवैध कब्जों को हटाने की बड़ी कार्रवाई शुरू की गई। इस कार्रवाई का विरोध करने के लिए बड़ी संख्या में वकील इकट्ठा हुए और प्रदर्शन करने लगे, जिन्हें मौके पर मौजूद भारी पुलिस बल ने खदेड़ दिया। वकीलों की तरफ से किसी भी बड़े विरोध या हंगामे से निपटने के लिए प्रशासन ने पहले से ही पर्याप्त पुलिस बल का पुख्ता इंतजाम किया हुआ था। हाईकोर्ट के सख्त आदेश पर एक्शनः यह पूरी कार्रवाई हाईकोर्ट के सख्त आदेश पर की जा रही है। हटाए जा रहे इन अवैध कब्जों में सबसे ज्यादा संख्या खुद वकीलों के अवैध चौंबरों की ही है। शुरुआत में नगर निगम ने कोर्ट को केवल 72 अवैध कब्जाधारियों की सूची सौंपी थी, लेकिन बाद में जब दोबारा सर्वे कराया गया तो अवैध कब्जों की संख्या बढ़कर करीब 200 पाई गई। कहां–कहां बने थे अवैध कब्जे?: सर्वे के अनुसार, पुराने हाईकोर्ट और कचहरी के आसपास के इलाकों में अवैध कब्जे इस प्रकार बांटे गए थे, सुरेंद्र नाथ रोड पर 72 अवैध कब्जे, स्वास्थ्य भवन से कलेक्ट्रेट चौराहा और चकबस्त रोड तक 47 अवैध कब्जे, राजस्व परिषद से स्वास्थ्य भवन तक 25 अवैध कब्जे और नाले के ऊपर 50 से अधिक अवैध चौंबर और दुकानें।

## राजधानी एक्सप्रेसे के एसी कोच में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

आज सुबह मध्य प्रदेश के रतलाम में दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस के एक एसी कोच में भीषण आग लग गई। यह घटना ट्रेन नंबर 12431 तिरुवनंतपुरम–हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के बी–1 कोच में हुई, जो ट्रेन के पिछले हिस्से के पास था। आग लगने की सूचना लूणी रिछा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों के बीच मिली।



अधिकारी का बयान और मौजूदा स्थिति: सीनियर डिविजनल कमर्शियल मैनेजर सौरभ जैन ने बताया, ष्आज सुबह करीब 5.15 बजे तिरुवनंतपुरम से निजामुद्दीन जा रही राजधानी एक्सप्रेस के पिछले हिस्से और बी–1 कोच में आग लगने की सूचना मिली। कर्मचारियों ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और कोच को ट्रेन से अलग किया। फायर ब्रिगेड, राज्य प्रशासन और रेलवे के अधिकारी मौके पर काम कर रहे हैं। तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और एम्बुलेंस वहां मौजूद हैं और आग पर लगभग पूरी तरह काबू पा लिया गया है।ष ट्रेनों का संचालन प्रभावित और हेल्पलाइन नंबरः सौरभ जैन ने आगे बताया कि कोटा से अतिरिक्त कोच मंगाए जा रहे हैं। ट्रेन के बाकी हिस्से को 30 से 45 मिनट के भीतर आगे के लिए रवाना कर दिया जाएगा, जिसके बाद रेलवे ट्रैक को पूरी तरह ठीक करने का काम शुरू होगा। इस हादसे की वजह से दोनों तरफ से आने–जाने वाली करीब 5 से 6 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे किसी भी जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट देखें या हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क करें।

### सभी यात्री और कर्मचारी सुरक्षित

राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी भी यात्री या रेलवे कर्मचारी को कोई चोट नहीं आई है। जैसे ही आग की खबर मिली, रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत सूझबूझ दिखाई और प्रभावित कोच के सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से ट्रेन से नीचे उतार लिया।

### रेलवे की तुरंत कार्रवाई

घटना के तुरंत बाद ओएचई यानी बिजली की सप्लाई काट दी गई। रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आग को फैलने से रोकने के लिए प्रभावित बी–1 कोच को ट्रेन के बाकी हिस्से से अलग कर दिया गया। इस घटना के कारण ट्रेन नंबर 12955 को महिदपुर रोड स्टेशन पर रोक दिया गया। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल के अनुसार, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## दिल्ली–एनसीआरमें भीषण हीटवेव का कहर, पारा 45 डिग्री तक पहुंचने के आसार

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। राजधानी दिल्ली–एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में आने वाले दिनों में भीषण गर्मी लोगों की मुश्किलें बढ़ाने वाली है। प्डक ने कहा है कि 22 मई तक दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में लू से लेकर गंभीर हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली–एनसीआर में अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है।

## तमिलनाडु की सत्ता संभालने के बाद सीएम विजय का पहला दिल्ली दौरा

### पीएम मोदी, शाह से हाई–लेवल मीटिंग, क्या है secret Agenda

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय आगामी 22 मई को नई दिल्ली की यात्रा पर जा रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में राज्य के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद, देश के बड़े नेताओं के साथ उनकी यह पहली बड़ी और महत्वपूर्ण मुलाकात होगी। अपनी इस यात्रा के दौरान वे कई उच्चस्तरीय बैठकों में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से होगी मुलाकातः मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्यमंत्री विजय इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में तमिलनाडु के विकास से जुड़े कई जरूरी मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। इनमें मुख्य रूप से राज्य के लिए मिलने वाला बजट, सड़कों और इमारतों से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट्स और नई सरकार के तहत राज्य के कामकाज के तरीके शामिल हैं।




इन बड़े नेताओं से भी मिलने का कार्यक्रमः प्रधानमंत्री के अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुख्यमंत्री की मुलाकात तय करने के लिए बातचीत चल रही है। सरकारी नियमों के तहत, विजय देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से भी शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। राजनीति के जानकारों का मानना है कि इन मुलाकातों से आने वाले समय में तमिलनाडु सरकार और केंद्र सरकार के बीच के रिश्तों की दिशा तय होगी।

मुलाकातों का महत्वः चुनाव जीतकर राज्य के सबसे ऊंचे पद पर पहुंचने के बाद, विजय की यह यात्रा वैसे तो औपचारिक मानी जा रही है, लेकिन इसका राजनीतिक महत्व बहुत ज्यादा है। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री केवल सरकारी बैठकों तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि वे बड़े उद्योगपतियों, विदेशी राजनयिकों, कानूनी विशेषज्ञों और अलग–अलग क्षेत्रों के जानकारों से भी मिल सकते हैं।

दिल्ली में नेताओं के बीच उत्सुकताः तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी जीत और राज्य की राजनीति में आए बड़े बदलाव को देखते हुए, दिल्ली के कई बड़े राजनीतिक नेता भी विजय से मिलने की इच्छा जता रहे हैं।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत लोटन क्षेत्र में बहू–बेटी सम्मेलन आयोजित

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन / सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज–5.0 द्वितीय चरण अभियान के अंतर्गत थाना



लोटन थाना पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बहू–बेटी सम्मेलन एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौर्यान एवं थाना प्रभारी हरिओम कुशवाहा के नेतृत्व में ग्राम परसौना सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम तथा रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।इसके साथ ही मिशन शक्ति अभियान, एंटी रोमियो अभियान एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूक करते हुए हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1076, 108, 1930, 1098, 102, 181 एवं 101 की जानकारी भी साझा की गई।इस दौरान उपनिरीक्षक रविन्द्र यादव अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

## बकरीद को लेकर कपिलवस्तु थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु / सिद्धार्थनगर। आगामी बकरीद पर्व एवं क्षेत्र में



शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कपिलवस्तु थाना पुलिस द्वारा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौर्य के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक मान सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की।बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधान, धर्मगुरु, मौलवी एवं संभ्रांत व्यक्तियों ने भाग लिया। पुलिस अधिकारियों ने सभी से बकरीद का पर्व आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं शांति के साथ मनाने की अपील की।इस दौरान शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जारी दिशा–निर्देशों की जानकारी दी गई तथा सभी लोगों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। बैठक में क्षेत्र की शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह से बचने पर विशेष जोर दिया गया।

## अलीदापुर ग्राम पंचायत में चला फॉगिंग अभियान, ग्रामीणों ने की सराहना

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद के विकासखंड शोहरतगढ़ अंतर्गत



अलीदापुर ग्राम पंचायत में मच्छरों एवं संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए व्यापक फॉगिंग अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत के विभिन्न गांवों में देर रात तक गलियों एवं प्रमुख स्थानों पर दवा का छिड़काव किया गया।ग्राम प्रधान पंकज चौबे ने बताया कि जिले के चर्चित सामाजिक व्यक्ति दिवेश मणि त्रिपाठी की प्रेरणा से यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए आगे भी नियमित रूप से फॉगिंग अभियान चलाया जाएगा।ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों से गांव में साफ–सफाई बनाए रखने तथा घरों के आसपास जलभराव न होने देने की अपील की, ताकि संक्रामक बीमारियों से बचाव किया जा सके।फॉगिंग अभियान को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। विनोद गुप्ता, रमेश मौर्य, धीरज गुप्ता, महेश पटवा, विंदू गुप्ता, विराट यादव, नसीम खान, अज़हर शाह एवं अबरार साह सहित कई ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान एवं उनकी टीम के कार्य की सराहना की।

## रास्ते पर कब्जे को लेकर शिवानगर में तनाव, ग्रामीणों ने सीएम योगी से लगाई गुहार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। तहसील उतरौला क्षेत्र के ग्राम सभा शिवानगर में कथित भूमि कब्जे को लेकर तनाव का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के सार्वजनिक रास्ते पर निर्माण कराया जा रहा है, जिससे लोगों के आवागमन में दिक्कत हो रही है।ग्रामीणों के अनुसार, आरोपित व्यक्ति द्वारा विरोध करने पर धमकी दी जाती है और मारपीट की कोशिश की जाती है। गांव के लोगों का कहना है कि रास्ते को अवरुद्ध किए जाने से खासकर गरीब और अनुसूचित जाति परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध निर्माण हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी हस्तक्षेप की गुहार लगाई है।फिलहाल गांव में तनाव को देखते हुए प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने में जुटा हुआ है।

## गैंगस्टर एक्ट के फरार आरोपी पर शोहरतगढ़ पुलिस ने कसा शिकंजा

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी के खिलाफ



शोहरतगढ़ पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई करते हुए उसके घर पर धारा 82 सीआरपीसी के तहत नोटिस चस्पा किया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना रहा।जानकारी के मुताबिक थाना शोहरतगढ़ पर पंजी.त मु0अ0सं0 02/2023 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त वीरेंद्र पुत्र स्व० भारत निवासी ग्राम नीबी दोहनी, थाना एवं नगर पंचायत शोहरतगढ़, जनपद सिद्धार्थनगर काफी समय से फरार चल रहा है। अभियुक्त के न्यायालय में लगातार अनुपस्थित रहने पर माननीय न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा जारी की गई थी। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में रविवार को पुलिस टीम अभियुक्त के घर पहुंची और नियमानुसार मुनादी कराते हुए नोटिस चस्पा किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित समय के भीतर अभियुक्त के न्यायालय में उपस्थित न होने पर आगे कुर्की की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। पुलिस ने यह भी बताया कि फरार एवं वांछित अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस दौरान उपनिरीक्षक संतोष कुमार, उपनिरीक्षक रामबदन यादव, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार यादव तथा हेड कांस्टेबल प्रभाकर यादव मौजूद रहे।

## सीएमओ ने टीकुर स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण, दवाओं की कमी पर लगाई फटकार

दैनिक बुद्ध का संदेश

खेसरहा। डॉ. रजत कुमार चौरसिया ने रविवार को खेसरहा



क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टीकुर में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की स्थिति तथा साफ–सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने पाया कि स्वास्थ्य केंद्र पर मानक के अनुरूप ईडीएल की आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। इस पर उन्होंने संबंधित फार्मासिस्ट को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि दो दिनों के भीतर सभी जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।सीएमओ ने अस्पताल परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था, प्रसव सेवाओं एवं प्रसवोत्तर परिवार नियोजन सेवाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए सभी स्वास्थ्य कर्मी अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें।

## संगठित शक्ति ही श्रमिक सम्मान व सुरक्षा की सबसे बड़ी आधारशिला: डॉ विक्रमा प्रसाद

### –श्रमिक एकता के साथ सम्पन्न हुआ भारतीय मजदूर संघ का जिला सम्मेलन

अयोध्या। भारतीय मजदूर संघ का जिला सम्मेलन जिला सहकारी बैंक सभागार कचहरी अयोध्या में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महानगर संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विक्रमा प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू ,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित सिंह एवम जिला कार्यवाह वेद प्रकाश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्य वक्ता विभाग प्रमुख जय प्रकाश सिंह ने भारत माता, दत्तोपंत ठेंगड़ी एवं भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पश्चात संगठन गीत एवं स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा उपेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ विक्रमा प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय मजदूर संघ केवल श्रमिकों के अधिकारों की लड़ाई ही नहीं लड़ता, बल्कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए श्रमिकों को राष्ट्र निर्माण की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संगठित शक्ति ही श्रमिक सम्मान एवं सुरक्षा की सबसे बड़ी आधारशिला है। विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री धीरेश्वर ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय मजदूर संघ सदैव श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण से ही संभव है। उन्होंने श्रमिकों को सामाजिक समरसता, आत्मनिर्भरता एवं राष्ट्रभक्ति के मूल मंत्र पर कार्य करने की प्रेरणा दी। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि श्रमिक समाज देश की आर्थिक रीढ़ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे श्रमिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें तथा संगठन के माध्यम से उनके समाधान हेतु निरंतर प्रयासरत रहें। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। जिला कार्यवाह वेदप्रकाश ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्य के अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए भारतीय मजदूर संघ के सामाजिक दायित्व पर मार्गदर्शन किया। मुख्य वक्ता विभाग प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने अपने संबोधन में कहा भारतीय मजदूर संघ एक अंब्रेला ट्रेड यूनियन है। जो श्रम जगत के रक्षा के साथ भारत माता को सर्वस्व समर्पण का भाव रखता है। भारतीय मजदूर संघ देश का पहला मजदूर संघ है। जिसका गठन राष्ट्रवादी विचारधारा के आधार पर हुआ है। यह किसी राजनीतिक दल की इकाई नहीं बल्कि मजदूरों का, मजदूरों के लिए एवं मजदूरों द्वारा संचालित एक स्वतंत्र गैर राजनीतिक मजदूर संगठन है,जो राष्ट्र हित,उद्योग हित व श्रमिक हित के लिए सतत् संघर्षरत है।

जिलाध्यक्ष अम्बरीष सिंह ने अपने संबोधन में संगठन की उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के लिए सतत संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने संगठन की मजबूती ही श्रमिकों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों, संगठन विस्तार एवं श्रमिक हितों से जुड़े अभियानों की जानकारी देते हुए सभी से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कार्यकर्ताओ पी डब्लू डी से सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, उद्यान एवं फल संरक्षण से केशव राम, तथा जनार्दन सिंह को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वहिन्दू परिषद महानगर संघटन मंत्री अभिषेक,पूर्व सैनिक परिषद अध्यक्ष प्रकाश पाठक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक कार्मिक कल्याण समिति अयोध्या क्षेत्र महामंत्री एन पांडेय , वनवासी कल्याण आश्रम अयोध्या से डी के तिवारी, प्रचार प्रमुख पुष्कर दत्त तिवारी,राम प्रकाश कनौजिया, शुभम् सिंह,विनय कुमार मिश्रा, मानवेन्द्र सिंह, आदित्य सिंह,नीरज पांडेय,प्रेम नाथ यादव,मुकेश पांडेय, एस एस यादव, डी एस यादव,वरिष्ठ कार्यकर्ता जनार्दन सिंह, आदि सहित सैकड़ों मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में जिला कार्य समिति की घोषणा विभाग प्रमुख जे पी सिंह द्वारा की गयी।

## तिलोदकी गंगा में जहर घोल रहा अमृत बॉटलर

अयोध्या। नाम अमृत, काम जहर फैलाने का! तिलोदकी गंगा में कथित तौर पर गंदा पानी छोड़कर पूरे ग्रामसभा गंजा को प्रदूषण और संक्रमण की आग में झोंका जा रहा है। आरोप है कि अमृत बटलर कोका–कोला प्लांट लगातार ऐसे अपशिष्ट छोड़ रहा है जिससे जल स्रोत दूषित हो रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में है। हैरानी की बात यह है कि इस मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) तक को हस्तक्षेप करना पड़ा था। एनजीटी ने अयोध्या प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि प्लांट से निकलने वाले गंदे पानी की रोकथाम के लिए लंबित निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाए, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आदेश फाइलों में कैद हैं और प्रदूषित पानी गांवों में बह रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नालों और जलधाराओं में छोड़े जा रहे दूषित पानी से बदबू फैल रही है, खेत प्रभावित हो रहे हैं और संक्रमण का खतरा बढ़ता जा रहा है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब एनजीटी जैसे राष्ट्रीय स्तर के प्राधिकरण के आदेशों की खुलेआम अनदेखी हो रही है, तो आखिर स्थानीय प्रशासन कार्रवाई करने से क्यों बच रहा है? लोग पूछ रहे हैं कि क्या एक कंपनी का रसूख ग्रामीणों के स्वास्थ्य से बड़ा हो गया है?

## दशरथ महल में सजी फूल बंगला झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

अयोध्या। चक्रवर्ती महाराज दशरथ के राजमहल बड़ा स्थान में विराजमान धनुष धारी भगवान की दिव्य, भव्य , मनोहारी ,अलौकिक फूल बंगला झांकी दशरथ महल के पीठाधीश्वर विंदु गद्दाचार्य स्वामी देवेंद्र प्रसादाचार्य महाराज की अध्यक्षता में सजाई गई। इस अवसर पर गर्भगृह सहित संपूर्ण दशरथ महल विभिन्न सुगंधित पुष्पों, मालाओं एवं पुष्प लड़ियों से आच्छादित रहा। भगवान की आरती उपरांत रात्रि में प्रारंभ हुआ झांकी दर्शन का सिलसिला रात्रि 11 बजे तक भव्यता का नया आयाम स्थापित करता रहा। अनेक स्वनामधन्य संत,महंतो धर्माचार्यों, अतिथियों,भक्तों,अधिकारियों, समाज सेवियों का समागम एवं भगवान भगवान की दिव्य भव्य झांकी का दर्शन उन्हें रोमांचित करता रहा। इस पावन अवसर पर अनेक शास्त्रीय संगीत के निपुण गायकों,वादकों की प्रस्तुतियां समुपस्थित संत महंतो धर्माचार्यों अतिथियों भक्तों को मंत्रमुग्ध कर भावविह्वल करता रहा। दशरथ महल प्रांगण फूलों की सुगंध से महकता रहा। विंदु गद्दाचार्य स्वामी देवेंद्र प्रसादाचार्य महाराज एवं उनके शिष्य मंगल भवन पीठाधीश्वर अर्जुन द्वाराचार्य स्वामी कृपालु राम भूषण दास महाराज के कुशल व्यवस्थापकत्व एवं निर्देशन में सजी धनुषधारी भगवान की फूल बंगला झांकी में पधारने वाले सभी संत महंतो धर्माचार्यों अतिथियों को अंग वस्त्र, दक्षिणा भेंट विदाई प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस पुनीत अवसर पर श्री मणि राम दास महाराज की छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास महाराज,रंग महल के पीठाधीश्वर स्वामी राम शरण दास महाराज,जगद गुरु स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज ऋंगी ऋषि आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी श्री हेमंत दास महाराज हनुमान गढ़ी,हनुमान गढ़ी के सरपंच राम कुमार दास महाराज,महंत कृष्ण कुमार दास महाराज,महंत राम शरण दास रामायणी , महंत राम कृष्ण दास महाराज रामायणि, महंत चंचल महाराज, महंत कमला दास महाराज रामायणि, लाल साहब दरबार के पीठाधीश्वर स्वामी राम नरेश शरण महाराज,राम प्रिया कुंज के यशस्वी पीठाधीश्वर स्वामी उद्धव शरण महाराज,महंत जय राम दास महाराज,महंत अतुलित दास महाराज,महंत राम कुमार दास महाराज,राधा कृष्ण मंदिर सरयू तट के महंत राम कृष्ण दास महाराज,खड़े हनुमान मंदिर जानकी घाट के उत्तराधिकारी महंत छविराम दास महाराज,रंग वाटिका के पीठाधीश्वर हर सिद्ध शरण महाराज, डॉ सुनीता शास्त्री ,महंत बाटी बाबा,श्री मणि मंदिर के पुजारी राम नंदन दास महाराज,महंत अवध किशोर शरण महाराज,महंत वीरेंद्र दास महाराज,साकेत भवन के पीठाधीश्वर प्रिया प्रीतम शरण महाराज,साकेत भवन नया घाट के महंत सीता राम दास महाराज,विधायक अभय सिंह,भाजपा नेता गिरीश कुमार पांडेय डिंपुल, अभय सिंह,पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी ,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अलोक सिंह रोहित, समाजसेवी प्रदीप तिवारी, विवेक मिश्र, श्री राम जानकी मंदिर मखौड़ा के व्यवस्थापक सूर्य नारायण दास वैदिक,कृष्णा दास,गोपाल दास,श्री हनुमान दास,श्याम सुंदर दास,छोटू दास,सुदामा दास ,मुन्ना बाबा सहित अन्य संत महंत भक्त अतिथि शामिल हुए। भगवान धनुषधारी का श्रृंगार,पूजन आरती करने वाले वरिष्ठ पुजारी द्वारिका दास महाराज,पुजारी राम नंदन दास,गणेश दास, वरिष्ठ अधिवक्ता राम शंकर शुक्ल,शिव कुमार दास,लक्ष्मण दास ,मोहन दास,सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## सोशल मीडिया पर आत्महत्या का स्टेटस पोस्ट करने वाले शिक्षक को पुलिस ने बचाया

दैनिक बुद्ध का संदेश

खेसरहा / सिद्धार्थनगर। खेसरहा थाना क्षेत्र के रामप्यारी देवी




इंटर कॉलेज के एक शिक्षक द्वारा सोशल मीडिया पर आत्महत्या से संबंधित स्टेटस पोस्ट किए जाने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और शिक्षक को अचेत अवस्था में खोजकर अस्पताल में भर्ती कराया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षक रमेश उपाध्याय पुत्र अमरनाथ उपाध्याय निवासी ग्राम परोई, थाना खेसरहा ने शनिवार सुबह अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आत्महत्या से जुड़ा स्टेटस पोस्ट किया था। इसके बाद उनके लापता होने की सूचना तेजी से फैल गई।विद्यालय के प्रबंधक योगेंद्र सिंह ने तत्काल मामले की जानकारी खेसरहा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हो गई और सर्विलांस टीम की सहायता से शिक्षक की तलाश शुरू की गई।पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रमेश उपाध्याय को विशुनपुरवा से कलनाखोर जाने वाली नहर के पास अचेत अवस्था में बरामद किया। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।पुलिस की तत्परता और समय रहते की गई कार्रवाई से शिक्षक की जान बच गई, जिसकी क्षेत्र में सराहना की जा रही है। थाना अध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि शिक्षक द्वारा यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया गया, इसकी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सरयू नदी में डूबे तीनों किशोर के शव बरामद

अयोध्या। रौनाही थाना के तहसीनपुर गांव निवासी सरयू नदी के पानी में डूबे तीनों किशोर बालक का शव रविवार को दोपहर बाद नदी के पानी में बरामद हो गया। लखनऊ से आई एनडीआरफ की टीम ने इन्हें खोजने में सफलता पा ली। शनिवार को एक ही खानदान से जुड़े यह तीनों किशोर अमित पाण्डेय, शिवांश पाण्डेय , और सत्यम पाण्डेय शाम को नहाने के दौरान नदी में डूब गए थे। पुलिस और प्रशासन ने एसडीआरएफ के साथ मिलकर शनिवार की शाम से ही लगातार खोजने का अभियान चलाया था। लेकिन रात भर खोजने के बावजूद एक भी शव बरामद नहीं हो पाया। एनडीआरएफ की टीम सुबह तक न पहुंचने के कारण ग्रामीणों ने आक्रोश में आकर राष्ट्रीय राजमार्ग 27 तहसीनपुर गांव के सामने जाम करने के लिए हुंकार भरी। यहां पुलिस और कुछ बुद्धिजीवी लोगों के समझाने पर आक्रोश शांत पड़ गया। शव बरामद होने के बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर रोते बिलखते लापता बच्चों के परिजन पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी, सीओ सदर अरविंद सोनकर , रौनाही प्रभारी निरीक्षक लाल चंद सरोज उप जिलाधिकारी सुश्री सविता, तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, नायब तहसीलदार रेशू जैन, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, बीकापुर विधायक डा0 अमित सिंह चौहान, रालोद नेता सुड्डू मिश्रा, सुनील तिवारी शास्त्री,अरुण पाण्डेय,रानू दूबे, वेद व्यास मिश्रा आदि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

## तहसीनपुर गाँव में पसरा मातमी सन्नाटा

सोहावल–अयोध्या। क्षेत्र के तहसीनपुर गांव में कोहराम के बीच मातमी सन्नाटा फैला है। शनिवार की शाम सरयू की धारा में डूबे तीन हम उम्र किशोर की मौत ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। हम उम्र तीनों किशोर 15 से 18 वर्ष के बीच के हैं। यह अपनी माता –पिता के इकलौते पुत्र थे जिनकी मौत ने तीनों परिवारों के घर का चिराग बुझा दिया। एक ही खानदान से जुड़ा मौत का शिकार बना अमित (मानस ) पाण्डेय पुत्र अमर बहादुर पाण्डेय अपने बाबा के साथ गांव में छुट्टियां मनाने 10 वर्ष बाद मुंबई से लौटा था। परिजन बताते हैं कि अंडर–19 क्रिकेट में इसका सिलेक्शन हो चुका है। तैयारी चल रही थी। दूसरा किशोर शिवांश पुत्र कृपा शंकर पांडे और सत्यम पुत्र विनय कुमार पाण्डेय क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में माध्यमिक और हायर सेकेंडरी के ब्रिलियंट छात्र है। तीनों किशोर बालकों का एक दूसरे से मित्रवत व्यवहार बहुत गहरा है। इसी सखा प्रेम में बंध कर तीनों नदी में शाम को नहाने पहुंचे हैं। इनके साथ रिश्तेदारी में आए दो अन्य किशोर भी थे। जिनकी हिम्मत नदी में नहाने की नहीं पड़ी। लेकिन वह तीनों के डूबने के चश्म दीद गवाह जरूर बन गए। गांव के इतिहास में इतनी बड़ी घटना अब तक नहीं हुई थी। पारिवारिक सदस्य वाल्मीकि पांडे बताते हैं अमित सहित तीनों का जन्म बड़ी मनौती के बाद हुआ था। तीनों बच्चे परिवार में आंखों के तारे थे इन्ही के ऊपर परिवार का भविष्य टिका था। जिसकी भरपाई अब इस जन्म में नहीं हो पाएगी। इस पर अब प्रश्न चिन्ह लग गया है। पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों का सिलसिला चल निकला हैं।

# प्रभु राम सनातन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के द्वारा सनातन चेतना के साथ आत्मरक्षा का संदेश, 101 लाठियों का वितरण

## प्रभु राम सनातन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के आयोजन में धर्म, संस्कृति और सामाजिक समरसता पर मंथन वक्ताओं ने सनातन मूल्यों की रक्षा के साथ आत्मबल और सजगता बढ़ाने पर दिया जोर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्य नाथ के 55वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्रभु राम सनातन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट की जिला इकाई की ओर से शहर से सटे एक होटल में लाठी वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सनातन धर्म की रक्षा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। समारोह के मुख्य वक्ता शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा–पद्धति नहीं, बल्कि मानवता, करुणा, त्याग और कर्तव्यबोध का जीवन दर्शन है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है, ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने धर्म, संस्.ति और मूल्यों की रक्षा के लिए सजग और सक्रिय रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सनातन चेतना का प्रखर प्रतिनिधि बताया। सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, सुरक्षा और सांस्.तिक गौरव के नए मानक स्थापित कर रहा है। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविंद माधव ने कहा कि मुख्यमंत्री का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, जिनसे समाज सेवा और राष्ट्रभक्ति की सीख ली जा सकती है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने सभी से धर्म और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त डॉ. चंद्रेश उपाध्याय, सुशील श्रीवास्तव, रमेश कुमार पांडेय, तुलसीराम वर्मा, रामचंद्र शुक्ला, रवींद्रनाथ त्रिपाठी, .पाशंकर त्रिपाठी, साधना श्रीवास्तव, डॉ. सीमा मिश्रा, अजय कसौंधन, रजनीश उपाध्याय एवं कमलेश दुबे सहित अनेक वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 'शास्त्र के साथ आत्मरक्षार्थ शस्त्र' विषय पर आधारित लाठी वितरण रहा। इस दौरान उपस्थित लोगों को आत्मरक्षा के उद्देश्य से 101 लाठियां वितरित की गईं। वक्ताओं ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना के साथ आत्मबल और सजगता भी आवश्यक है, ताकि समाज हर चुनौती के लिए स्वयं को तैयार रख सके। कार्यक्रम को डॉ. चंद्रेश उपाध्याय, सुशील श्रीवास्तव, रमेश कुमार पांडेय, तुलसीराम वर्मा, राम चंद्र शुक्ला, रवींद्र नाथ त्रिपाठी, .पाशंकर त्रिपाठी, साधना श्रीवास्तव, डॉ. सीमा मिश्रा, अजय कसौंधन, रजनीश उपाध्याय, कमलेश दुबे ने भी संबोधित किया। अंत में समारोह के अध्यक्ष, सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर अनिल विश्वकर्मा, इंदू सिंह, डीपी शुक्ला, देवानंद श्रीवास्तव, सीमा सिंह, सुदीप श्रीवास्तव, भूप नारायण सिंह, डॉ. अभय शुक्ला, एमपी गोस्वामी, संपूर्णानंद बख्शी, अभिषेक पाठक, शुभम श्रीवास्तव, फतेह बहादुर सिंह, संतोष श्रीवास्तव, करन श्रीवास्तव, मुरलीधर अग्रहरी, कन्हैया पांडेय, सचिन श्रीवास्तव, प्रदीप वर्मा, राणा प्रताप सिंह, प्रमोद सिंह, ओमप्रकाश चौबे, कैलाश नाथ दुबे, रंजनेश धर दुबे, सुनील श्रीवास्तव, प्रियंका वर्मा, सुधा त्रिपाठी, सरिता पांडेय एवं शर्मिला सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।





# इंडो–नेपाल बॉर्डर पर गुटखा तस्करी का भंडाफोड़, एक गिरतार




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। लोटन थाना पुलिस ने अपराध एवं तस्करी रोकथाम अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए इंडो–नेपाल बॉर्डर क्षेत्र से भारी मात्रा में गुटखा और जर्दा बरामद कर एक अभियुक्त को गिरतार किया है।पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश एवं क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौर्य के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी हरिओम कुशवाहा ने पुलिस टीम के साथ शनिवार 17 मई 2026 को अभियान चलाया। इस दौरान थाना क्षेत्र के बड़हरा स्थित इंडो–नेपाल बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान एक युवक को संदिग्ध अवस्था में रोका गया।तलाशी के दौरान पुलिस ने कुल तीन बोरी शुद्ध प्लस गुटखा तथा एक बोरी में चार बंडल शुद्ध प्लस जर्दा बरामद किया। पुलिस ने मौके से अभियुक्त अनीश जायसवाल पुत्र वीरेंद्र जायसवाल, निवासी ग्राम लोटन, थाना लोटन, जनपद सिद्धार्थनगर को मोटरसाइकिल सहित गिरतार कर लिया।बरामद सामान को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय ककरहवा भेज दिया गया है।गिरतारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी हरिओम कुशवाहा, उपनिरीक्षक राहुल गुप्ता चौकी प्रभारी हरिवंशपुर, हेड कांस्टेबल खुर्शीद अहमद, हेड कांस्टेबल कन्हैया यादव, हेड कांस्टेबल उमेश कुमार, कांस्टेबल बलराम यादव तथा कांस्टेबल आनंद निषाद शामिल रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत खेसरहा पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना खेसरहा थाना पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में थाना प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम बनुहिया बुजुर्ग में बहू–बेटी सम्मेलन एवं साइबर जागरूकता चौपाल का आयोजन किया।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला अपराध, घरेलू हिंसा, साइबर ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा तथा महिला उत्पीड़न से बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने महिलाओं से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लें तथा हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करें।इस दौरान महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला सहायता नंबर 181 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी भी दी गई। साथ ही महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज की अन्य महिलाओं को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ–साथ उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना है।




# सीएमओ ने मरवटिया जन आरोग्य मेले का किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित चिकित्साधिकारी पर जताई नाराजगी

दैनिक बुद्ध का संदेश

खेसरहा। डॉ. रजत कुमार चौरसिया ने रविवार को खेसरहा क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरवटिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, साफ–सफाई व्यवस्था, प्रसव सेवाओं तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मरवटिया में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. तारिक बिन नसीम के लंबे समय से अनुपस्थित रहने का मामला सामने आया, जिस पर सीएमओ ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने तथा स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए।सीएमओ ने अस्पताल परिसर की साफ–सफाई बेहतर बनाए रखने, प्रसव सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करने तथा प्रसवोत्तर परिवार नियोजन सेवाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों को समय पर उपचार और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।




# सकारपार क्षेत्र में पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत विधानसभा बांसी के सकारपार मंडल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बांसी विधायक जय प्रताप सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।प्रशिक्षण वर्ग में विधानसभा बांसी के सकारपार मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा पार्टी की विचारधारा को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया।इस अवसर पर दिलीप चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों एवं जनसंपर्क अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया।प्रशिक्षण सत्र में कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।







# 17 मई से प्रारंभ हुआ पुरुषोत्तम मास, पूजा–पाठ व दान का विशेष महत्व

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक तीसरे वर्ष आने वाला अधिक मास, जिसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है, इस वर्ष 17 मई 2026 से प्रारंभ होकर 15 जून 2026 तक रहेगा। यह पवित्र माह भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है। राम जानकी मार्ग भटपुरवा गांव के मानस मर्मज्ञ पं. राममणि शास्त्री ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु ने स्वयं इस मास को अपना नाम "पुरुषोत्तम" प्रदान किया था। इसलिए यह माह पूजा, दान और सत्कर्म के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान किए गए पुण्य कर्म सामान्य दिनों की अपेक्षा दस गुना अधिक फल प्रदान करते हैं तथा पापों का नाश करते हैं।

पुराणों में वर्णित कथाओं के अनुसार प्रारंभ में अधिक मास का कोई स्वामी नहीं था, जिसके कारण इसे मलमास अथवा अपवित्र माना जाता था। बाद में भगवान विष्णु ने इसे अपना नाम देकर इसे पूजनीय बना दिया। विष्णु पुराण और देवी भागवत पुराण में उल्लेख मिलता है कि इस माह में किए गए दान–पुण्य से जन्मों के पाप समाप्त होते हैं तथा अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्य फल प्राप्त होता है।खगोलीय .ष्टि से अधिक मास सूर्य वर्ष के 365 दिनों और चंद्र वर्ष के 354 दिनों के बीच उत्पन्न लगभग 11 दिनों के अंतर को संतुलित करने के लिए जोड़ा जाता है। इस कारण लगभग प्रत्येक तीसरे वर्ष यह अतिरिक्त मास आता है।पुरुषोत्तम मास में धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व बताया गया है। 'ध नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जप तथा विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ अत्यंत फलदायी माना जाता है। शास्त्रों में दीपदान, अन्नदान और वस्त्रदान को विशेष पुण्यदायक बताया गया है। इसके अतिरिक्त तीर्थ स्थलों पर स्नान, श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा श्रवण तथा पुरुषोत्तम मास महिमा ग्रंथ का पाठ एवं श्रवण आध्यात्मिक उन्नति के लिए शुभ माना गया है।इस पूरे माह सात्विक भोजन, संयमित जीवन और भगवान के नाम स्मरण का विशेष महत्व बताया गया है। साथ ही अधिक मास में भगवान शिव का रुद्राभिषेक करना भी अत्यंत फलदायी माना गया है।

## लक्ष्मी कैंब्रिज स्कूल पहुंचे विधायक जय प्रताप सिंह, प्रबंधक कौशल किशोर मिश्रा ने किया स्वागत



दैनिक बुद्ध का संदेश

खेसरहा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं बांसी विधायक जय प्रताप सिंह का आगमन लक्ष्मी कैंब्रिज स्कूल में हुआ। विद्यालय पहुंचने पर स्कूल प्रबंधक कौशल किशोर मिश्रा एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।इस अवसर पर विधायक जय प्रताप सिंह को पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की नीतियों, प्रशिक्षण अभियान की उपयोगिता तथा जनसंपर्क को मजबूत बनाने जैसे विषयों पर चर्चा हुई।अपने संबोधन में विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार राष्ट्रहित और समाज सेवा के लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को गांव–गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।विद्यालय प्रबंधक कौशल किशोर मिश्रा ने विधायक के आगमन पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और मार्गदर्शन प्राप्त होता है।कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का उद्घाटन सत्र सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

खेसरहा। विधानसभा बांसी के खेसरहा मंडल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का उद्घाटन सत्र उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बांसी विधायक जय प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, सेवा भावना एवं प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत हैं।कार्यक्रम में दिलीप चतुर्वेदी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर कौशल किशोर मिश्रा, आलोक मिश्रा, .ष्ण गोपाल मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।उद्घाटन सत्र के दौरान संगठनात्मक विषयों, जनसंपर्क अभियान तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने प्रशिक्षण महाअभियान को संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के वैचारिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।




# खेसरहा क्षेत्र में विधायक जय प्रताप सिंह ने किया रात्रि प्रवास, प्रशिक्षण अभियान में हुए शामिल



दैनिक बुद्ध का संदेश

खेसरहा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत बांसी विधायक जय प्रताप सिंह ने खेसरहा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ रात्रि प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षण अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।रात्रि प्रवास के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार एवं संगठन की कार्यशैली भाजपा की मजबूती का आधार हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव–गांव जाकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की अपील की।कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षण महाअभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की नीति, विचारधारा एवं जनसंपर्क के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है।इस अवसर पर मंडल एवं बूथ स्तर के अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोटन पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। लोटन थाना पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वांछित अभियुक्त को गिरतार करने में सफलता प्राप्त की है।पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत प्रसाद के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौर्य के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी हरिओम कुशवाहा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रविन्द्र यादव एवं पुलिस टीम ने शनिवार को कार्रवाई की।पुलिस ने मु0अ0सं0 39/2026 धारा 87, 137(2), 78(2) बीएनएस, 11/12 पॉक्सो एक्ट एवं 3(2)(ट) एससी–एसटी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त शहजाद अहमद पुत्र अनवर अली निवासी गायघाट पूरब टोला थाना लोटन को ग्राम बघईडीहा पुलिया के पास ठोठरी मार्ग से गिरतार किया।गिरतार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय भेज दिया गया।




# शोहरतगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित अभियुक्त, भेजा गया जेल

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वांछित अभियुक्त को गिरतार कर न्यायालय भेज दिया।क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मु0अ0सं0 62/2026 धारा 191(2), 109, 115(2), 352, 351(3), 117(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त दुर्गा प्रसाद यादव उर्फ थारू पुत्र रामफेर यादव निवासी ग्राम बोहली थाना शोहरतगढ़ को गिरतार किया।पुलिस के अनुसार अभियुक्त की उम्र लगभग 29 वर्ष है। गिरतारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया।गिरतारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, हेड कांस्टेबल प्रमोद यादव एवं कांस्टेबल नीतीश यादव शामिल रहे।



# सम्पादकीय

**कोई पिता कोचिंग की फीस भरने के लिए अतिरिक्त मजदूरी करता है तो कोई मां अपने गहने तक बेच देती है। ऐसे में यदि परीक्षा में धांधली की खबर आती है, तो केवल अंक प्रभावित नहीं होते, बल्कि लाखों परिवारों का विश्वास चकनाचूर हो जाता है। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि पेपर लीक अब अपवाद नहीं, बल्कि एक 'संगठित उद्योग' का रूप लेता दिखाई दे रहा है...**

## पेपर लीक की घटना ने पूरे देश को झकझोरा

भारत युवाओं का देश है, यहां करोड़ों छात्र अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए दिन–रात कठिन परिश्रम करते हैं। कोई डाक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, कोई प्रशासनिक अधिकारी तो कोई वैज्ञानिक। इन सपनों को साकार करने का सबसे बड़ा माध्यम प्रतियोगी परीक्षाएं हैं, इसमें दो राय नहीं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में देश में जिस प्रकार परीक्षा प्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़े हुए हैं, उससे युवाओं का विश्वास डगमगाने लगा है, ऐसा कहने में भी अतिश्योक्ति न होगी। हाल ही में नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) परीक्षा को लेकर सामने आए विवाद और कथित पेपर लीक की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया। यह केवल एक परीक्षा का मामला नहीं है, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक जवाबदेही और युवाओं के भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है। परीक्षाएं केवल परीक्षाएं नहीं होतीं, वे करोड़ों परिवारों की उम्मीदों का दूसरा नाम होती हैं। मेडिकल की पढ़ाई के लिए आयोजित होने वाली नीट ऐसी ही एक परीक्षा है। यह केवल प्रश्नों के उत्तर लिखने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि उन लाखों विद्यार्थियों के संघर्ष, त्याग, अनुशासन और सपनों का परिणाम होती है, जो दिन–रात एक करके डाक्टर बनने का सपना देखते हैं। किसी किसान का बेटा खेतों की मेड़ पर बैठकर पढ़ता है, किसी मजदूर की बेटी लालटेन की रोशनी में नोट्स तैयार करती है, तो कोई मध्यमवर्गीय परिवार अपनी जमा पूंजी कोचिंग संस्थानों की फीस में झोंक देता है। माता–पिता अपने सपनों को बच्चों की आंखों में बसाकर हर कठिनाई सह लेते हैं। इसलिए परीक्षा को केवल एक सामान्य कार्य समझना बहुत बड़ी मूर्खता होगी। परीक्षा और परिणाम किसी भी शिक्षा व्यवस्था के आधार माने जाते है, यदि परीक्षा का आधार ऐसी धांधली और अनियमितताओं के बलबूते टिका हो तो उसका परीक्षा परिणाम भले ही देखने में ठीक लगता हो, मगर सामाजिक परिणाम कभी भी सकारात्मक नही हो सकता। वहीं जब नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा पर पेपर लीक, धांधली और अनियमितताओं के आरोप लगते हैं, तब केवल प्रश्नपत्र ही लीक नहीं होता, बल्कि व्यवस्था पर विश्वास भी डगमगाता है। यह पहली बार नहीं है जब किसी राष्ट्रीय परीक्षा की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगा हो, परंतु हर बार की तरह इस बार भी सबसे अधिक आहत वही छात्र हुए हैं, जिनका इस पूरे खेल से कोई लेना–देना नहीं था। वर्तमान शिक्षा व परीक्षा बाजारू वस्तु बन गई है क्योंकि कोई भी रसूखदार जब चाहे जितनी चाहे बोली लगाकर खरीद लेता है और हमारा भ्रष्ट तंत्र उसके इस कार्य में पूर्णाहुति देने का काम करता है। यह विडंबना ही है कि जिस देश में शिक्षा को 'राष्ट्र निर्माण का आधार' कहा जाता है, उसी देश में परीक्षाएं धीरे–धीरे भरोसे का संकट बनती जा रही हैं। एक तरफ विद्यार्थी वर्षों तक मेहनत करते हैं, दूसरी ओर कुछ लोग पैसे, पहुंच और भ्रष्ट तंत्र के सहारे परीक्षा व्यवस्था को खिलौना बना देते हैं। परिणाम यह होता है कि मेहनत और ईमानदारी उपहास का विषय बन जाती है। आज नीट परीक्षा पर उठे सवाल केवल एक परीक्षा तक सीमित नहीं हैं। यह उस पूरी व्यवस्था का आईना हैं, जिसमें योग्यता और परिश्रम की जगह जुगाड़ और भ्रष्टाचार धीरे–धीरे मजबूत होते जा रहे हैं। यदि देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में भी पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं हो पा रही, तो यह केवल प्रशासनिक असफलता नहीं, बल्कि नैतिक पतन का संकेत है। किसी भी विद्यार्थी के लिए प्रतियोगी परीक्षा केवल तीन घंटे का पेपर नहीं होती बल्कि उसके पीछे वर्षों की तपस्या का परिणाम होती है। कई छात्र सामाजिक समारोह और मनोरंजन से कोसो दूर रहते हैं, मानसिक दबाव और अकेलेपन जैसी विकट अवस्थाओं से गुजरते हैं। इतना ही नहीं अपने बच्चों के सपनों को पंख लगाने के लिए माता–पिता भी उनके साथ हर दिन परीक्षा देते हैं। कोई पिता कोचिंग की फीस भरने के लिए अतिरिक्त मजदूरी करता है तो कोई मां अपने गहने तक बेच देती है। ऐसे में यदि परीक्षा में धांधली की खबर आती है, तो केवल अंक प्रभावित नहीं होते, बल्कि लाखों परिवारों का विश्वास चकनाचूर हो जाता है। सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि पेपर लीक अब अपवाद नहीं, बल्कि एक 'संगठित उद्योग' का रूप लेता दिखाई दे रहा है। विभिन्न राज्यों में समय–समय पर भर्ती परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं में धांधली सामने आ रही है।

## हणोगी माता मंदिर

हिमाचल प्रदेश देवभूमि वास्तव में किसी तराशे हुए हीरे से कम नहीं है। अपार प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक व ऐतिहासिक महत्त्व यहां के कुदरती नैसर्गिक के गौरव को आज भी बरकरार रखे हुए है। पर्यटन व धार्मिक दृष्टि से यह देवभूमि निस्संदेह देश–विदेश के लोगों को अनायास ही मंत्रमुग्ध कर देती है। यही वजह है कि इस देव तुल्य राज्य में हर वर्ष सैलानियों का तांता लगा रहता है। इसी कड़ी में इस राज्य के जनपद मंडी–कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग–21 के मध्य और पंडोह बांध के नजदीक अवस्थित तथा ब्यास नदी की तलहटी के उस पार हणोगी माता मंदिर की दिव्यता तो देखते ही बनती है। हणोगी नामक स्थान पर स्थित माता हणोगी अपने तीन रूपों में विराजमान है। किंवदंतियों के अनुसार प्राचीन काल में इस जगह पर अभय राम गुरु रहा करते थे, जो तांत्रिक विद्या में काफी पारंगत थे, वे अपनी शक्तियों के माध्यम से तुंगधारा पर्वत श्रृंखला से तुंगा माता को हणोगी में लेकर आए थे। यह देवी 'तुंगाधार की जोगणी' के नाम से भी प्रचलित है। तुंगा मां की पांच हजार वर्ष पुरानी कलात्मक और अलौकिक पाषाण मूर्ति, जो पुरातन गुफा में विद्यमान है, प्रत्येक आगंतुक को अपनी ओर बरबस आकर्षित कर लेती है। हणोगी में ही काली माता का पुरातन मंदिर भी है, जो आज भी श्रद्धा व आस्था का केंद्र है। जनश्रुति अनुसार जब तक गुरु अभय राम थे तो उन्होंने माता की पूजा–अर्चना को प्रतिदिन निर्बाध ा जारी रखा। उनके मरणोपरांत मां की पूजा करने वाला कोई नहीं था। जिसके फलस्वरूप इस स्थल के इर्द–गिर्द आए दिन कई अनहोनी घटनाएं घटित होने लगी। स्थानीय लोग इन हादसों से काफी भयभीत हो गए और उन्हें ऐसा लगने लगा कि कोई दैवीय शक्ति उनसे रुष्ट हो गई है। उन्होंने इसे देवी प्रकोप से जोडकर देखा क्योंकि गुरु अभय राम के मरणोपरांत देवी की पूजा–अर्चना न होना और उसकी अनदेखी ही इसका मुख्य कारण माना गया। एक अन्य दंतकथा अनुसार हणोगी के पास ही एक पुराना सडक मार्ग था, जो आए दिन अवरुद्ध हो जाता था और कोई न कोई दुर्घटना की चपेट में आ जाता था। कुछ समय उपरांत स्थानीय लोगों को कुछ दैवीय चमत्कार दिखाई दिए और यहां तक कि एक श्रद्धालु को स्वप्न में माता ने अपने दिव्य दर्शन देकर कहा कि यह मेरा स्थान है। लोगों ने उस स्वप्न में दिए गए आदेश को शिरोधार्य करते हुए वहां एक वटवृक्ष को देवी स्वरूप मानकर पूजना आरंभ कर दी। हैरान करने वाली बात यह है कि इस वटवृक्ष का कुछ भाग ब्यास नदी के किनारे पानी में डूबा हुआ है और यथावत खड़ा हुआ है। कहा जाता है कि देवी मां का प्रकोप यहीं नहीं रुका, उक्त सडक मार्ग के निर्माण के लिए जो भी कोई ठेकेदार दीवार बनाने लगता, वह दीवार अगले दिन गिरी हुई मिलती थी। लोगों को प्रतीत होने लगा कि मां अप्रत्यक्ष रूप से अपना रौद्र रुप दिखा रही है। इस सडक के निर्माण कार्य में जो ठेकेदार संलग्न था, उसे रात्रि में दिव्य स्वप्न में मां ने आकर कहा कि यदि वह नदी के पार यानी हणोगी की ओर उसका मंदिर विधि–विधान के साथ बनवाएगा, तो यह हादसे तुरंत बंद हो जाएंगे।

## लोककल्याणकारी दायित्व से पीछे हटती सरकार

**एसआईआर पर सर्वोच्च न्यायालय की सुनवाई के दौरान, यह प्रश्न उठाया गया था कि क्या यह नागरिकता की कसौटी है। तब निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया था कि यद्यपि उसके पास नागरिकता निर्धारित करने का अधिकार नहीं है, फिर भी संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत नागरिकता की स्थिति को सत्यापित करने का उसका अधिकार निहित है, जिसमें कहा गया है कि 18 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय ...**

एसआईआर के तहत मतदाता सूची से काटे गए लाखों नामों के बाद एक गंभीर आशंका बार–बार उठी कि क्या इन लोगों को नागरिक कहलाने का भी हक नहीं रहेगा। अब बिहार और बंगाल की भाजपा सरकारों ने इन आशंकाओं को सही साबित कर दिया है। बंगाल और बिहार की सरकारों ने कहा है कि जिनके नाम एसआईआर में कट चुके हैं, वे अपने राज्यों में सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाएंगे। ज्ञात हो कि पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार ने सोमवार को अपनी पहली कैबिनेट बैठक की, जिसमें उसने घोषणा की कि राज्य में पिछली सरकारों की सभी सामाजिक योजनाएं जारी रहेंगी, साथ ही टीएमसी के शासन में जिन केंद्रीय कार्यक्रमों को रोका गया था, वे अब उपलब्ध होंगे। हालांकि बैठक में तय हुआ कि न्यायाधिकरणों के समक्ष जिन मतदाताओं के मामले विचाराधीन हैं, उन्हें फैसला होने तक वही सुविधाएं मिलती रहेंगी।

बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कहा, श्सरकार के सभी सामाजिक कार्यक्रम, चाहे वे 30 साल पहले शुरू हुए हों या 10 साल पहले, जारी रहेंगे। हालांकि, अब ये सभी योजनाएं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से संचालित होंगी। किसी भी मृत व्यक्ति, अवैध घुसपैठिए या गैर–भारतीय व्यक्ति को राज्य के नागरिकों के लिए निर्धारित लाभों का लाभ उठाने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।वहीं बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि श्जिन लोगों के नाम बिहार की मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, वे राशन और अन्य



कल्याणकारी योजनाओं सहित किसी भी सरकारी लाभ के हकदार नहीं होंगे ।य इसके बाद कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने सोशल मीडिया के जरिए सवाल पूछा है कि एसआईआर के नतीजों के आधार पर बिहार और पश्चिम बंगाल सरकारों के अनुचित निर्णयों के बाद, निम्नलिखित प्रश्न उठता हैरू

वैसे तो माननीय अदालत से उम्मीद है कि वह श्री चिदंबरम के उठाए सवालों पर तत्काल विचार करे। क्योंकि आजादी के बाद संविधान तैयार करने और वयस्क मताधिकार लागू करने के पीछे मंशा यही थी कि देश के हर नागरिक को उसका हक मिले। सरकार ने व्यवस्था की कि मतदाता सूची तैयार करने के लिए लोगों तक पहुंचा जाए, कोई भी व्यक्ति इस हक से वंचित न रहे। लेकिन एसआईआर के नाम पर बड़े पैमाने पर न केवल लोगों को मताधिकार से वंचित किया गया है, बल्कि अब सरकार की लाभकारी योजनाओं का हक भी उनसे छीना जा रहा है। जिस तरह के दस्तावेज मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए मांगे गए हैं, उन पर पहले ही सवाल उठ रहे थे कि गरीब लोग इन्हें कैसे जुटा पाएंगे, उनके पास ले देकर आधार या राशन कार्ड ही मिलता है। अब जो कुछ आम नागरिकों के पास था, वो भी उनसे छीना जा रहा है। इस तरह तो लोककल्याणकारी सरकार की अवधारणा ही बदल जाएगी।

मध्यमवर्ग या उच्च तबके की बेशक अपनी परेशानियां हैं, लेकिन कम से कम दो वक्त की रोटी, कुछ दिनों का रोजगार, सरकारी अस्पतालों में सस्ता इलाज, मुफ्त शिक्षा जैसी मदद की जरूरत उन्हें नहीं है। मगर पिछले छह सालों से जिन लोगों का गुजारा सरकार के दिए पांच किलो राशन से हो रहा हो या मनरेगा के तहत जिन्हें कुछ सौ रूपयों की कमाई होती है वे लोग अब कहां जाएंगे। चुनावों में महिलाओं, बेरोजगारों, किसानों, मजदूरों के लिए जिन योजनाओं का वादा किया जाता है, उनसे भी अब ऐसे लोगों को वंचित रखा जाएगा जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है। जैसे बिहार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि श्राज्य में एसआईआर लागू होने के बाद राशन कार्ड धारकों की सूची से लगभग पांच लाख लोगों के नाम हटा दिए गए हैं ।य वहीं बंगाल के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री अशोक कीर्तनिया ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले भी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं, लेकिन जिनके नाम एसआईआर के माध्यम से हटा दिए गए हैं, वे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा सकते ।य

इसी तरह बंगाल की शहरी विकास और नगर पालिका मामलों की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने कहारू श्हम विश्लेषण करेंगे, जिनके नाम सूची से हटा दिए गए हैं, वे या तो देश के नागरिक नहीं हैं या मर चुके हैं, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकता ।य गौरतलब है कि नागरिकता से संबंधित मामले, जिनमें नागरिकता छीनना भी शामिल है, नागरिकता अधिनियम, 1955 द्वारा शासित होते हैं, और किसी व्यक्ति को विदेशी घोषित करने या नागरिकता रद्द करने का अधिकार केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास है।

## नीट परीक्षा रद्द, पेपर लीक का एक और मामला

**राहुल गांधी और कांग्रेस के अलावा विपक्ष के कई और नेताओं ने पेपर लीक पर चिंता जताते हुए सरकार से जवाबदेही की मांग की है। लेकिन यह कोई राजनैतिक लड़ाई नहीं है, जिससे जनता का कोई सरोकार नहीं है। असल में यह जनता के अपने हक की लड़ाई है तो उसे भी इसमें एक पक्ष चुनना ही चाहिए। मंगलवार को जब शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से पत्रकारों ने पेपर लीक पर सवाल पूछे तो ...**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल प्रवेश की सबसे बड़ी परीक्षा नीट 2026 को रद्द करने का फैसला लिया है। 3 मई को नीट परीक्षा आयोजित हुई थी, लेकिन उसके पर्चे पहले ही लीक हो गए थे, इस वजह से एनटीए ने परीक्षा को ही रद्द करने का फैसला लिया। ज्ञात हो कि नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) परीक्षा, भारत में मेडिकल कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित की जाती है। हर साल लाखों विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होते हैं। इस बार 22 लाख बच्चों ने नीट परीक्षा दी थी। जिसके लिए कई छात्रों ने साल–दो साल की महंगी कोचिंग कक्षाओं में पढ़ाई की होगी, कई छात्रों के मां–बाप ने आर्थिक कठिनाइयों या अन्य दिक्कतों का सामना किया होगा, ताकि उनके बच्चे इस परीक्षा में सफल हो सकें तो डॉक्टर बनने के लिए मेडिकल कॉलेज में उनका दाखिला हो जाए। छात्रों का भविष्य, उनके सपने, बेहतर जीवन की तैयारी सब कुछ इस परीक्षा पर निर्भर होगा, जिसे एक झटके में पेपर लीक माफिया ने तोड़ दिया है। एनटीए ने तो एक बयान जारी कर बता दिया कि 3 मई 2026 को आयोजित परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। अब परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। नयी परीक्षा तारीख की घोषणा बाद में आधिकारिक माध्यमों से की जाएगी। इससे आगे एनटीए में बैठे अधिकारियों ने अपनी और कोई जिम्मेदारी छात्रों के प्रति नहीं समझी। एनटीए ने कहा कि उसने 8 मई को पेपर लीक के मामले को स्वतंत्र जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए केंद्रीय एजेंसियों को भेजा था। उनसे चर्चा के बाद यह तय किया गया कि मौजूदा परीक्षा प्रक्रिया को बरकरार नहीं रखा जा सकता। एजेंसी ने माना कि दोबारा परीक्षा होने से छात्रों और उनके परिवारों को असुविधा होगी, लेकिन एनटीए के अनुसार परीक्षा प्रक्रिया पर विश्वास बनाए रखने के लिए यह कदम जरूरी था। कितनी आसानी से परीक्षा प्रक्रिया पर भरोसे की बात कही गई है। जबकि हकीकत ये है कि मोदी सरकार में पेपर लीक अब एक लाइलाज बीमारी जैसा बन गया है। पिछले 10 सालों में कम से कम 89 बार पेपर लीक हुए हैं, जिसमें चार बार तो नीट के ही पेपर लीक हुए हैं। इस बार मामले का खुलासा राजस्थान से हुआ। जहां हाथ से लिखे गए गेस पेपर मिले, इसमें 140 सवाल 3 मई की परीक्षा के पेपर के ही समान थे। लेकिन एनटीए ने अपने बयान इसका जिक्र नहीं किया है। ये सवाल 600 अंक के थे, और नीट पेपर में कुल 720 अंक ही होते हैं। यानी जिसके हाथों में ये गेस पेपर लगा होगा, उसने सभी सही जवाब दिए होंगे। अगर परीक्षा रद्द न होती तो फिर बेईमानी से उत्तीर्ण होने वाले लोग बहुतेरे होते। हालांकि असल सवाल वहीं का वहीं है कि गेस पेपर के नाम पर पर्चे का बड़ा हिस्सा आखिर किसने लीक किया। यह




किसी एक व्यक्ति के बस की बात नहीं है, इसमें पूरा माफिया काम करता है। एक–एक गेस पेपर 30–30 हजार तक में बेचा गया था, तो अनुमान लगाया जा सकता है कि कितनी काली कमाई इसके जरिए की गई होगी राजस्थान पुलिस ने हाथ से लिखे गेस पेपर को पकड़ा। सबसे पहले सीकर में यह सामने आया। इसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के 300 से अधिक प्रश्न हाथ से लिखे गए थे। पूरे दस्तावेज में एक ही हैंडराइटिंग थी। केरल के एक मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे चुरू के एक छात्र ने 1 मई को सीकर में अपने दोस्त को यह गेस पेपर शेयर किया, जिसके बाद यह पीजी हॉस्टल्स, कोचिंग नेटवर्क, करियर काउंसलर्स और छात्रों के बीच तेजी से फैल गया। इसी से समझा जा सकता है कि इसके तार कैसे पूरे देश भर में फैले हैं। अकेले नीट परीक्षा ही नहीं, तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ अब पेपर लीक की विडंबना जुड़ चुकी है। और यही भाजपा शासन की, मोदी के अमृतकाल की पहचान बन चुकी है, जहां सरकार के संरक्षण में पल रहे पेपर लीक माफिया छात्रों का भविष्य तबाह कर रहे हैं। आज तक एक भी ऐसा मामला सामने नहीं आया है, जहां पेपर लीक में शामिल किसी दोषी को कड़ी सजा हुई हो, जिसकी मिसाल लेकर ऐसे गोरखधंधे से लोग डरें। बल्कि जनता ने भी शायद इसे ही नियति मान लिया है कि उसके अपने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा और उसे चुपचाप बर्दाश्त करना पड़ेगा। कुछेक मौके आए हैं जब युवा छात्र पेपर लीक के खिलाफ सड़कों पर उतरे, उनके मां–बाप भी साथ आए। लेकिन बाकी समाज इस तरफ से ऐसा बेपरवाह रहता है मानो उसका कोई लेना–देना ही न हो। कांग्रेस ने बिल्कुल ठीक कहा है कि पेपर लीक से हर साल लाखों सपने टूटते हैं, छात्रों का जीवन उजड़ जाता है, लेकिन उनका दर्द भाजपा नेताओं को नजर नहीं आता, क्योंकि उनके बच्चे तो विदेश में मजे से पढ़ाई कर रहे हैं। सच है– नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने परीक्षा की व्यवस्था को खोखला कर दिया है, जहां युवाओं के सपनों का गला घोंटा जा रहा है और देश की नींव कमजोर की जा रही है। शर्म आनी चाहिए। राहुल गांधी ने भी लिखा कि नीट अब कोई परीक्षा नहीं रही। नीट अब एक नीलामी बन गई है। परीक्षा से 42 घंटे पहले ही व्हाट्सऐप पर कई सवाल बेचे जा रहे थे। 22 लाख से ज्यादा बच्चों ने पूरे साल, रातों की नींद हराम करके, दिन–रात एक करके पढ़ाई की और एक ही रात में, उनका भविष्य सरेआम बाजार में नीलाम कर दिया गया। यह पहली बार नहीं हुआ है। 10 सालों में, 89 पेपर लीक, 48 बार दोबारा परीक्षा। हर बार वही वादे, और फिर वही चुप्पी। राहुल गांधी ने लिखा, श्मोदी जी, जब आप हर नाकामी को जनता पर डाल देते हैं, तो उसमें गरीबों के बच्चों का भविष्य भी शामिल हो जाता है। 22 लाख बच्चों का भरोसा टूट गया है और भारत के युवाओं के सपनों के लिए मोदी सरकार से बड़ा खतरा कोई नहीं है।



# 48 घंटे में दूसरी बार महंगी हुई सीएनजी, पहली बार 80 रुपये के पार पहुंची

दिल्ली–एनसीआर के लोगों को एक बार फिर महंगाई का बड़ा झटका लगा है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने लगातार दूसरी बार सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। रविवार को कंपनी ने सीएनजी के दाम में 1 रुपये प्रति किलो का इजाफा किया, जिसके बाद दिल्ली में सीएनजी की कीमत इतिहास में पहली बार 80 रुपये प्रति किलो के आंकड़े को पार कर गई है।

अलग–अलग शहरों में सीएनजी के नए रेट

नई दरों के लागू होने के बाद अब दिल्ली में सीएनजी की कीमत 80.09 रुपये प्रति किलो हो गई है। वहीं, नोएडा और गाजियाबाद में अब ग्राहकों को सीएनजी 88.70 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मिलेगी। इससे पहले 15 मई को भी कंपनी ने




सीएनजी के दाम 2 रुपये प्रति किलो बढ़ाए थे, जिससे दिल्ली में इसका रेट 79.09 रुपये हो गया था। अब महज 48 घंटे के भीतर दूसरी बार हुई इस बढ़ोतरी ने गाड़ी चलाने वालों की चिंता बहुत बढ़ा दी है।

पेट्रोल और डीजल भी हो चुके हैं महंगे: सीएनजी की कीमतों में यह बढ़ोतरी ऐसे समय पर हुई है जब हाल ही में पेट्रोल और डीजल के दाम भी बढ़ाए गए हैं। केंद्र सरकार ने बीती 15 मई को ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 3–3 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया था। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल के दाम 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 90.67 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गए हैं।

आम जनता और कैब ड्राइवरों पर पड़ेगा सीधा असर

सीएनजी के लगातार बढ़ते दामों का सबसे बुरा असर ऑटो, टैक्सी और ऐप आधारित कैब चलाने वाले ड्राइवरों पर पड़ेगा। दिल्ली–एनसीआर में बहुत बड़ी संख्या में गाड़ियां सीएनजी से ही चलती हैं, इसलिए अब आने वाले दिनों में यात्रा का किराया बढ़ने की पूरी संभावना है। इससे रोजाना घर से दफ्तर या काम पर आने–जाने वाले लाखों यात्रियों की जेब पर सीधा और भारी असर पड़ेगा।

# कांगो और युगांडा में इबोला का कहर, 88 मौतों के बाद डब्ल्यूएचओ ने घोषित की पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस ने रविवार को कांगो और युगांडा में फैले इबोला बीमारी को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दिया है। इस खतरनाक वायरस के कारण अब तक 300 से अधिक संदिग्ध मामले सामने आ चुके हैं और 88 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, डब्ल्यूएचओ ने एक पोस्ट में साफ किया कि यह बीमारी कोरोना की तरह पूरी दुनिया में फैलने वाली महामारी जैसी नहीं है। इसलिए संगठन ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को बंद न करने की सलाह दी है।

बेहद संक्रामक है इबोला वायरस

इबोला एक बहुत ही तेजी से फैलने वाली बीमारी है। यह संक्रमित व्यक्ति की उल्टी, खून या वीर्य जैसे शारीरिक तरल पदार्थों के संपर्क में आने से फैलती है। इससे होने वाली



बीमारी वैसे तो दुर्लभ है, लेकिन यह बहुत गंभीर और जानलेवा होती है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया है कि इस बार यह बीमारी श्बुंडीबुग्यो वायरसश के कारण फैली है। यह इबोला का एक बहुत ही दुर्लभ प्रकार है, जिसके इलाज के लिए फिलहाल कोई दवा या वैक्सीन मौजूद नहीं है। कांगो और युगांडा में पहले भी 20 से ज्यादा बार इबोला फैल चुका है, लेकिन बुंडीबुग्यो वायरस का यह सिर्फ तीसरा मामला है।

कांगो और युगांडा में बीमारी का असर

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, केवल दो मामलों को छोड़कर बाकी सभी मरीज कांगो के रहने वाले हैं। वे दोनों मामले पड़ोसी देश युगांडा में मिले हैं। अधिकारियों ने सबसे पहले शुक्रवार को कांगो के पूर्वी प्रांत श्इतुरीश में इस बीमारी के फैलने की जानकारी दी थी, जो युगांडा और दक्षिण सूडान के बॉर्डर के पास है। इसके बाद, शनिवार को अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र ने कुल 336 संदिग्ध मामले और 87 मौतों की पुष्टि की थी।

अभी बनी हुई है अनिश्चितता

विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टेड्रोस ने बताया कि इस समय संक्रमित मरीजों की सही संख्या और यह बीमारी किन–किन इलाकों तक फैल चुकी है, इसे लेकर काफी अनिश्चितता बनी हुई है। इसके साथ ही, डॉक्टरों और विशेषज्ञों के पास अभी इस बात की भी बहुत सीमित जानकारी है कि यह बीमारी एक मरीज से दूसरे मरीज में किस तरह और किन कड़ियों के जरिए फैल रही है।

# केंद्र सरकार ने पीएमएवाई–जी योजना के तहत महाराष्ट्र के लिए 8,368 करोड़ रुपए जारी किए

मुंबई। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाराष्ट्र के सतारा स्थित सैनिक स्कूल ग्राउंड में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण (पीएमएवाई–जी) लाभार्थी सम्मेलन एवं महा आवास अभियान राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में 5 लाख पूर्ण ग्रामीण आवासों के गृह प्रवेश का शुभारंभ किया, 5 लाभार्थियों को आवास की चाबियां सौंपीं, और महाराष्ट्र के ग्रामीण विकास को नई गति देने वाले कई महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा की। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री जयकुमार गोरे, पर्यटन, खननकर्म एवं माजी सैनिक कल्याण मंत्री तथा सतारा के पालकमंत्री शंभूराज देसाई, सार्वजनिक बांधकाम मंत्री शिवेंद्रसिंह भोसले, मदद एवं पुनर्वसन मंत्री मकरंद जाधव (पाटील), ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य मंत्री योगेश कदम, तथा स्थानीय सांसद श्रीमंत छत्रपति उदयनराजे भोसले उपस्थित थे।

अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि देश में कोई भी गरीब कच्चे मकान में न रहे और प्रत्येक पात्र परिवार को सम्मानजनक पक्की छत मिले। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने पीएमएवाई–जी के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय कार्य करते हुए रिकॉर्ड समय में 5 लाख आवास पूर्ण कर सुशासन, संवेदनशीलता और परिणामोन्मुख प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने महाराष्ट्र के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत वित्त वर्ष 2026–27 हेतु 8,368.50 करोड़ रु. की केंद्रीय अंश सहायता जारी किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह राशि राज्य में ग्रामीण गरीबों के आवास निर्माण अभियान को और तेज करेगी तथा बेघर–मुक्त ग्रामीण महाराष्ट्र के संकल्प को मजबूत आधार देगी।

चौहान ने यह भी कहा कि जिन पात्र परिवारों का नाम अब तक छूट गया है, उनके लिए भी रास्ता खुला है और सर्वे तथा सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवश्यकतानुसार और आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने दोहराया कि केंद्र सरकार का लक्ष्य केवल मकान बनाना नहीं, बल्कि बिजली, जल, स्वच्छता और सम्मानपूर्ण जीवन के साथ समग्र ग्रामीण जीवन–स्तर को ऊंचा उठाना है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–चार के अंतर्गत महाराष्ट्र के लिए 122.98 करोड़ रु. की लागत वाली 35 सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति भी मुख्यमंत्री फडणवीस को सौंपी। 95.99 किलोमीटर लंबाई की इन परियोजनाओं से राज्य की 35 ग्रामीण बसावटों को लाभ मिलेगा और शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच अधिक सुगम होगी।

शिवराज सिंह चौहान ने श्महा आवास अभियानश्य के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों, इकाइयों और अधिकारियों को मुख्यमंत्री फडणवीस के साथ सम्मानित करते हुए कहा कि जब राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक दक्षता और जनकल्याण का भाव साथ आता है, तब विकास अभियान जनआंदोलन बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ने ग्रामीण आवास के क्षेत्र में जिस गति और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है, वह अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरक है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सहयोग से महाराष्ट्र को रिकॉर्ड 30 लाख आवासों की स्वीकृति मिली और राज्य ने रिकॉर्ड समय में 5 लाख घर पूर्ण कर आज लाभार्थियों को समर्पित किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आवासों की गुणवत्ता बढ़ाने, सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली सुविधा उपलब्ध कराने और जमीनविहीन पात्र परिवारों को भी सहायता देकर इस अभियान को व्यापक सामाजिक सुरक्षा के मॉडल में बदला है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र का लक्ष्य बेघर–मुक्त राज्य का निर्माण है और आने वाले समय में और अधिक परिवारों को आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।

## सिलहट टेस्टः लिटन दास ने पाकिस्तान के खिलाफ जड़ा तीसरा शतक, ये बनाए रिकश्र्ड्स

नईदिल्ली,17 मई। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ सिलहट में खेले जा रहे सीरीज के दूसरे टेस्ट के पहले दिन शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी (126) खेली। यह उनके टेस्ट करियर का छठा और पाकिस्तान के खिलाफ तीसरा शतक रहा, जिसे उन्होंने 135 गेंदों में पूरा किया। उनकी इस पारी की मदद से बांग्लादेश की टीम खराब शुरुआत के बाद संभलने में सफल रही। आइए उनकी पारी और आंकड़े जानते हैं। बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 105 रन पर 5 अहम झटके लग गए थे। उसके बाद बल्लेबाजी पर आए लिटन ने दृढता से बल्लेबाजी करते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया। उन्होंने तैजुल इस्लाम (16) के साथ 7वें विकेट के लिए 60 और तस्कीन अहमद (7) के साथ 8वें विकेट के लिए 38 और शोरिफुल इस्लाम (12') के साथ 64 रन की साझेदारी निभाई। उन्होंने पारी में 16 चौके और 2 छक्के भी जड़े। लिटन ने पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट मैच साल 2020 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने इस टीम के खिलाफ 7 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसकी 11 पारियों में 60 की शानदार औसत के साथ ने 650 से अधिक रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 126 रन रहा है। उन्होंने 3 शतक के अलावा पाकिस्तान के खिलाफ 2 अर्धशतक भी लगाए हैं। बांग्लादेश की सरजमीं पर लिटन का यह चौथा और इस साल का पहला टेस्ट शतक है। लिटन ने बांग्लादेश के लिए अपना पहला मुकाबला साल 2015 में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने अब तक 54 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 93 पारियों में 2 बार नाबाद रहते हुए 35.73 की औसत से उन्होंने 3,287 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 6 शतक के अलावा 20 अध र्शतक भी निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 141 रन का है। उन्होंने टेस्ट करियर में सबसे ज्यादा रन (735) श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ बनाए हैं।

## टी–20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाली महिला बल्लेबाज और उनके आंकड़े

नईदिल्ली। महिला टी–20 क्रिकेट में कई बल्लेबाजों ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से दुनिया को चौंकाया है। कुछ खिलाड़ियों ने तो बेहद कम गेंदों में अर्धशतक जड़कर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इन पारियों में चौकों–छक्कों की बारिश देखने को मिली और विरोधी गेंदबाज पूरी तरह बेबस नजर आए। सबसे तेज अध र्शतक लगाने वाली महिला बल्लेबाजों की सूची में कई दिग्गज नाम शामिल हैं, ऐसे में आइए उनपर एक नजर डाल लेते हैं। इस सूची में पहले स्थान पर पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान फातिमा सना आ गईं हैं। उन्होंने जिम्बाब्वे महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ 15 मई, 2026 को सिर्फ 15 गेंदों का सामना कर अपना अर्धशतक पूरा किया। ये खिलाड़ी 19 गेंदों में 62 रन बनाकर नाबाद रही। उनके बल्ले से 10 चौके और 2 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 326.31 की रही। उनकी इस शानदार पारी के कारण पाकिस्तान को मैच में 133 रन से बड़ी जीत मिली। दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 3 खिलाड़ी हैं। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की सोफी डिवाइन, ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की फीबी लिचफील्ड और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऋचा घोष ने 18–18 गेंदों पर अर्धशतक जड़े हैं। सोफी और फीबी ने भारत के खिलाफ 2015 और 2023 में ये कारनामा किया था। वहीं, ऋचा ने वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ 2024 में केवल 18 गेंदों पर पचासा जड़ दिया था। तीसरे स्थान पर पाकिस्तान की निदा डार हैं।

## आईपीएलः सुनील नरेन बने 200 मुकाबले खेलने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी, रहे प्लेयर ऑफ द मैच

नईदिल्ली,17 मई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 60वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स के दिग्गज खिलाड़ी सुनील नरेन ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में उतरते ही इतिहास रच दिया। वह आईपीएल इतिहास में 200 मुकाबले खेलने वाले पहले विदेशी खिलाड़ी बने हैं। इस मुकाबले में उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट भी चटकाए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। यह कोलकाता नाइट राइडर्स का ईडन गार्डन स्टेडियम में 100वां मैच भी रहा है। आईपीएल इतिहास में नरेन से ज्यादा मुकाबले भुवनेश्वर कुमार (202), अंबाति रायडू (204), रॉबिन उथप्पा (205), अजिंक्य रहाणे (210), रविचंद्रन अश्विन (221), शिखर धवन (222), दिनेश कार्तिक (257), रविंद्र जडेजा (265), महेंद्र सिंह धोनी (278), रोहित शर्मा (279) और विराट कोहली (279) ने खेले हैं। नरेन ने अपना पहला मुकाबला ढ्ढक्करु 2012 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेला था और तभी से वह इसी टीम का हिस्सा रहे हैं। नरेन ने किरोन पोलार्ड को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 189 मुकाबले खेले थे। नरेन ने मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने कोटे के 4 ओवर में महज 29 रन खर्च करते हुए 2 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने गुजरात टाइटंस को 248 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 49 रन के कुल स्कोर पर निशांत सिंधु (1) के रूप में पहला झटका देते हुए अपने विकेटों का खाता खोला था। उसके बाद उन्होंने कप्तान शुभमन गिल (85) को भी पवेलियन की राह दिखाते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत सुनिश्चित कर दी।

# एफडी, म्यूचुअल फंड और सोने में 5 लाख रुपये पर 5 साल में कौन देगा आपको सबसे ज्यादा रिटर्न?

नई दिल्ली ,17 मई ,। आज के समय में लोग अपनी बचत को बढ़ाने के लिए अलग–अलग निवेश विकल्पों की तलाश में रहते हैं। फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी), म्यूचुअल फंड और गोल्ड ऐसे प्रमुख विकल्प हैं, जिनमें निवेशक अपनी जरूरत और जोखिम उठाने की क्षमता के अनुसार पैसा लगाते हैं। हर निवेश विकल्प की अपनी अलग खासियत और फायदे होते हैं। एफडी को सुरक्षित निवेश माना जाता है, क्योंकि इसमें तय ब्याज मिलता है और जोखिम काफी कम होता है। वहीं, म्यूचुअल फंड बाजार से जुड़े होते हैं और लंबे समय में बेहतर रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं। दूसरी तरफ, सोना यानी गोल्ड को आर्थिक अनिश्चितता और महंगाई के दौर में सुरक्षित निवेश माना जाता है। वहीं, अगर कोई निवेशक 5 लाख रुपए को 5 साल के लिए निवेश करता है, तो इन तीनों विकल्पों में कहां सबसे ज्यादा रिटर्न मिलेगा, चलिए कैलकुलेशन के जरिए समझते हैं। जानकारों के अनुसार, इन तीनों विकल्पों में निवेश से पहले ध्यान रखने वाली बात यह है कि इन तीनों में मिलने वाला संभावित रिटर्न अलग–अलग हो सकता है, क्योंकि यह रिटर्न बाजार की स्थिति, ब्याज दर और निवेश के प्रकार पर निर्भर करता है।

अगर आप फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में 5 लाख रुपए की एफडी 6.5 प्रतिशत सालाना ब्याज दर पर 5 साल के लिए करते हैं, तो आपको लगभग 1,90,210 रुपए का ब्याज मिलेगा। ऐसे में मैच्योरिटी पर कुल रकम करीब 6,90,210 रुपए हो जाएगी। एफडी उन लोगों के लिए बेहतर मानी जाती है जो बिना जोखिम के निश्चित रिटर्न चाहते हैं। हालांकि, इसमें रिटर्न अन्य निवेश विकल्पों की तुलना में कम रहता है। वहीं, अगर 5 लाख रुपए का निवेश म्यूचुअल फंड में किया जाए और औसतन 12 प्रतिशत सालाना रिटर्न मिले, तो 5 साल में अनुमानित कमाई करीब 3,81,170 रुपए हो सकती है। ऐसे में निवेश की कुल वैल्यू बढ़कर लगभग 8,81,170 रुपए तक पहुंच सकती है।

विशेषज्ञों के अनुसार, म्यूचुअल फंड लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं। हालांकि, इसमें बाजार का जोखिम भी शामिल होता है और रिटर्न की कोई गारंटी नहीं होती। जबकि, अगर 5 लाख रुपए का निवेश सोने में किया जाए और औसतन 10 प्रतिशत सालाना रिटर्न मिले, तो 5 साल में अनुमानित लाभ करीब 3,05,255 रुपए हो सकता है। इस तरह कुल निवेश राशि बढ़कर लगभग 8,05,255 रुपए हो सकती है।

पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के दौरान सोने की कीमतों में अच्छी तेजी देखने को मिली है, जिससे निवेशकों को मजबूत रिटर्न मिला। आंकड़ों के अनुसार, 5 साल की अवधि में म्यूचुअल फंड ने सबसे ज्यादा संभावित रिटर्न दिया। इसके बाद गोल्ड और फिर एफडी का स्थान रहा। हालांकि, ज्यादा रिटर्न के साथ जोखिम भी बढ़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी निवेश से पहले अपनी वित्तीय जरूरत, जोखिम उठाने की क्षमता और निवेश अवधि को समझना जरूरी है। बिना योजना के निवेश करने के बजाय वित्तीय सलाहकार की राय लेना बेहतर हो सकता है।

# सेबी ने 49 प्रतिशत से ज्यादा लीवरेज वाले इनविट्स के लिए उधारी नियमों में दी राहत

मुंबई ,17 मई ,। सेबी यानी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) ने इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (इनविट्स) के लिए उधारी नियमों में राहत दी। यह राहत उन इनविट्स के लिए है जिनका लीवरेज एसेट वैल्यू के 49 प्रतिशत से अधिक है। इस कदम का उद्देश्य इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए वित्तीय लचीलापन बढ़ाना और सेक्टर में फंडिंग की पहुंच को बेहतर बनाना है। बाजार नियामक ने एक सर्कुलर में कहा कि अब इनविट्स को 49 प्रतिशत लीवरेज सीमा से ऊपर भी नई उधारी लेने की अनुमति होगी। यह कर्ज पूंजीगत खर्च के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा, ताकि परिसंपत्तियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाया जा सके या परियोजनाओं की क्षमता बढ़ाई जा सके। नियामक ने सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं से जुड़े बड़े रखरखाव खर्चों के लिए भी इनविट्स को अतिरिक्त कर्ज लेने की अनुमति दी है। सर्कुलर के अनुसार, ऐसे खर्चों में वे गैर–रूटीन रखरखाव दायित्व शामिल होंगे, जो कंसेशन एग्रीमेंट के तहत जरूरी होते हैं। सेबी ने कहा, बड़े रखरखाव खर्च का मतलब सड़क परियोजना के रखरखाव पर होने वाला ऐसा खर्च है, जो सामान्य रखरखाव का हिस्सा नहीं है और कंसेशन एग्रीमेंट में तय दायित्वों और आवश्यकताओं के अनुसार किया जाता है। इस राहत से खासतौर पर सड़क क्षेत्र पर केंद्रित इनविट्स को फायदा मिलने की उम्मीद है, जिन्हें बड़े स्तर की मरम्मत और समय–समय पर रखरखाव कार्यों के लिए भारी फंडिंग की जरूरत होती है। सेबी ने इनविट्स, स्पेशल पर्पस व्हीकल्स और होल्डिंग कंपनियों को कुछ तय शर्तों के तहत मौजूदा कर्ज के पुनर्वित्तपोषण यानी रीफाइनेंसिंग की भी अनुमति दी है।

बाजार नियामक ने स्पष्ट किया कि रीफाइनेंसिंग केवल मूल कर्ज राशि तक सीमित होगी। इसमें जमा ब्याज, जुर्माना, फीस या अन्य किसी शुल्क को शामिल नहीं किया जा सकेगा। सेबी ने कहा, रीफाइनेंसिंग केवल कर्ज के मूल हिस्से की होगी। यानी जमा ब्याज या किसी भी प्रकार के शुल्क को रीफाइनेंस नहीं किया जाएगा।ß

यह संशोधित ढांचा 17 अप्रैल 2026 को सेबी इनविट नियमों के रेगुलेशन 20(3)(बी)(द्बद्ब) में किए गए संशोधनों के बाद लागू किया गया है। इन बदलावों के जरिए लीवरेज सीमा से ऊपर उधारी के उपयोग को व्यापक बनाया गया है। सेबी ने कहा कि नए नियम तुरंत प्रभाव से लागू हो गए हैं। इससे इनविट्स को इंफ्रास्ट्रक्चर परिसंपत्तियों को मजबूत करने और विस्तार परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में अधिक परिचालन लचीलापन मिलेगा।

## आम आदमी की जेब पर फिर बढ़ेगा बोझ, 10 रुपये तक महंगा होने वाला है पेट्रोल–डीजलय सामने आई ये बड़ी वजह

नई दिल्ली ,17 मई ,। देश में महंगाई की मार झेल रही आम जनता को जल्द ही एक और बड़ा झटका लगने वाला है। शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3–3 रुपये के इजाफे के बाद अब आगे भी राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, आने वाले कुछ ही हफ्तों में पेट्रोल और डीजल के दामों में 10–10 रुपये प्रति लीटर तक की भारी बढ़ोतरी की जा सकती है। तेल कंपनियों की ओर से यह फैसला उनके लगातार बढ़ रहे घाटे की भरपाई के लिए लिया जा सकता है। दो से तीन हफ्तों में बढ़ सकती हैं कीमतें एमके ग्लोबल ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में दावा किया है कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को मौजूदा घाटे से उबारने और उसे व्यवस्थित करने के लिए कीमतों में 10–10 रुपये का इजाफा करना लगभग तय है। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि तेल के दामों में यह बड़ी बढ़ोतरी या तो एकमुश्त की जा सकती है, या फिर इसे अगले दो से तीन हफ्तों के भीतर लागू किया जा सकता है। महंगाई दर में भी उछाल आने की आशंकाः लगातार बढ़ रही इन कीमतों का सीधा असर आम आदमी की रसोई और घरेलू बजट पर पड़ने वाला है। पेट्रोल और डीजल के साथ–साथ घरेलू गैस सिलेंडर और दूध की कीमतों में हुई हालिया बढ़ोतरी के कारण आने वाले महीनों में खुदरा महंगाई दर में 0.42 प्रतिशत तक का इजाफा हो सकता है। प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने भी इस बात की प्रबल आशंका जताई है कि ईंधन के महंगे होने से माल ढुलाई का खर्च बढ़ेगा, जिससे रोजमर्रा की हर जरूरी चीज महंगी हो जाएगी। हर लीटर पर 18 रुपये का नुकसान झेल रही कंपनियांः रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, मौजूदा समय में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को एक लीटर पेट्रोल–डीजल की बिक्री पर 17 से 18 रुपये तक का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह स्थिति तब है, जब केंद्र सरकार ने इसी साल मार्च के महीने में उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में 10–10 रुपये की कटौती कर राहत देने की कोशिश की थी। जानकारों का मानना है कि अगर जल्द ही कीमतों में पर्याप्त इजाफा नहीं किया गया, तो तेल कंपनियों को चालू तिमाही में 57,000 करोड़ रुपये से लेकर 58,000 करोड़ रुपये तक का तगड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है।

## सर्प दंष से वृद्धा की मौत

जौनपुर ।जहरीला सांप के काटने से वृद्धा की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पड़ोसी जनपद आजमगढ़ पवई थाना क्षेत्र के बाबरिया गांव निवासी कल्पा देवी उम्र लगभग 60 वर्ष पत्नी अच्छे लाल को . सुबह घर के अंदर बैठे रहने के दौरान डंस लिया जिससे उनकी हालत खराब हो गई। परिवार के लोग उन्हें इधर–उधर दिखा कर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे यहां पर डॉक्टरों ने देखकर मृत घोषित कर दिया।

## रोजगार मेला का आयोजन 18 को

जौनपुर। जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर निकट नारायण नर्सिंग होम जौनपुर में दिनांक 18 मई 2026 को प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेला का आयोजन किया गया हैं। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना प्रस्तावित है, शैक्षिक योग्यताः–हाईस्कूल, इंटर, आई०टी०आई०, पॉलीटेक्निक, डिप्लोमा एवं स्नातक उत्तीर्ण, 18 से 45 वर्ष के प्रतिभाग कर सकते हैं। जिसमें अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकते है।

## श्री मद्भागवत कथा का समापन

जौनपुर। ग्राम पंचायत बाल्हामऊ के नेताजी का पूरा में चल रही श्री मद्भागवत कथा का समापन हो गया। इस अवसर पर आयोजित महाआरती में गांव समाज के पुरुषों और महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सुधाकर जी महाराज ने विधि–विधान से पूजन–अर्चन कराकर कार्यक्रम संपन्न कराया। समापन समारोह के दौरान हवन का भी आयोजन किया गया, जिसमें पूरे पाण्डेय परिवार ने हिस्सा लिया। आरती से पहले मुख्य यजमान पुष्पा देवी और सत्यम पाण्डेय ने गुरुदेव श्री सुधाकर का फूल–माला, अक्षत और कुमकुम से तिलक कर पूजन–अर्चन किया।

## सीओ कार्यालय पहुंचे एसपी, अभिलेखों की परखी हकीकत

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने . क्षेत्राधिकारी खागा कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय अभिलेखों, अपराध रजिस्टरों, लंबित विवेचनाओं और शिकायत पंजिका का गहन अवलोकन किया तथा कार्यप्रणाली की समीक्षा की। एसपी ने कार्यालय परिसर की साफ–सफाई और अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख–रखाव पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश भी दिए, ताकि फरियादियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी खागा सहित कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## तीन लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत बीते चौबी घन्टों के अन्तराल में तीन लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के धरमपुर मजरे असवार तारापुर निवासी राजेश प्रताप सिंह की 28 वर्षीय पत्नी सुमन देवी ने घर के अन्दर परिवार की कलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह निवासी स्व0 दिनेश चन्द्र का 70 वर्षीय पुत्र शिवशंकर ने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनो के अनुसार उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। वहीं हथगाम थाना क्षेत्र के सरांय साबा नगरा गांव निवासी स्व0 रामस्वरूप का 48 वर्षीय पुत्र सत्यजीत ने अज्ञात कारणो द्वारा फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## एसएन पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल वितरित, मेधावी सम्मानित

बिंदकी, फतेहपुर। मलवां विकास खंड के चौडगरा–बिंदकी रोड स्थित एसएन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को अंक पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा एक से पांच तक के सत्ताइस अव्वल बच्चों को मेडल, ट्रॉफी और अंक पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा विकास समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ रहे। उन्होंने बच्चों को अंक पत्र वितरित करते हुए कहा कि असली परीक्षा नंबरों की नहीं, सीखने की होती है। फेल होना बुरा नहीं है, कोशिश छोड़ देना बुरा है। प्राथमिक शिक्षा नींव होती है। अगर नींव मजबूत होगी तो भविष्य भी अच्छा बनेगा। विद्यालय के प्रबंधक शिवाकांत पांडेय ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. दीपक सिंह चौहान, नागेंद्र शुक्ला, जितेंद्र सिंह, सूरज सिंह, पवन पांडेय, अतुल, अमिता, रमा अवस्थी, श्रेया सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रमा अवस्थी ने किया।

## चिलचिलाती धूप और उमस से जनमानस बेहाल

जौनपुर ।जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार तीसरे दिन अधिकतम पारा 44 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी जारी रही और एक डिग्री ऊपर चढ़कर 27 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। बाहर चिलचिलाती धूप और घर व दफ्तरों के अंदर उमस ने लोगों का चौन छीन लिया। पंखे व कूलर के सामने बैठे रहने पर भी पसीना नहीं सूखा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक फिलहाल प्रचंड गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। सुबह से ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। सूरज की गर्म किरणें बदन में चुभने लगीं। तपिश से आम जनमानस बुरी तरह बेहाल नजर आया। दोपहर होते–होते तेज धूप व 13 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने वाली गर्म हवा कहर ढाने लगी। भीषण गर्मी से बेचौन लोग बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सके। इसके चलते दोपहर को शहर की प्रमुख बाजार व चौराहों पर सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। जरूरी काम से निकले लोग गर्मी में पसीना–पसीना होकर छांव तलाशते रहे। पिछले दिनों बारिश के बाद चिलचिलाती धूप व उमस भरी गर्मी ने जनमानस को बेहाल कर दिया है।

# जर्जर पुलिया की अभी तक नहीं हुई मरम्मत– आवागमन बाधित,किसी बड़े हादसे के इंतज़ार में प्रशासन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद के तहसील कर्नलगंज क्षेत्र के विकासखंड हलधरमऊ अन्तर्गत ग्राम छतौरा से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जो विकास के दावों की पोल खोलने के साथ–साथ प्रशासनिक उदासीनता की पराकाष्ठा को भी दर्शाती है। यहाँ स्थित एक पुलिया वर्तमान में इतनी जर्जर अवस्था में पहुँच चुकी है कि वह किसी भी क्षण धराशायी होकर एक बड़े हादसे को अंजाम दे सकती है।हवा में झूल रहा कंक्रीट, खिसक चुकी है जमीन मिली जानकारी के अनुसार इस पुलिया के नीचे की पूरी मिट्टी पानी के बहाव के कारण बह चुकी है।वर्तमान में स्थिति यह है कि कंक्रीट का भारी–भरकम स्लैब बिना किसी ठोस आधार के हवा में झूल रहा है। तकनीकी .ष्टि से देखा जाए तो यह ढांचा अब केवल एक चमत्कार के सहारे टिका है।यह मार्ग ग्रामीणों,किसानों और विशेष रूप से स्कूली बच्चों के आवागमन का मुख्य जरिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यहाँ से गुजरते समय हमेशा मन में डर बना रहता है।



किसानों को अपने . षि उत्पादों को ले जाने में भारी कठिनाई हो रही है, वहीं अभिभावक अपने बच्चों को इस रास्ते से स्कूल भेजने में कतरा रहे हैं।ष्हमें हर पल डर लगा रहता है कि कहीं हमारे बच्चे इस हादसे का शिकार न हो जाएं। प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।ष एक स्थानीय ग्रामीण का कहना है कि आगामी वर्षा ऋतु इस समस्या को और अधिक विकराल बना सकती है।

यदि बारिश से पहले इस पुलिया का नवनिर्माण या ठोस मरम्मत नहीं कराई गई, तो यह पूरी तरह ढह जाएगी। ऐसी स्थिति में गाँव का मुख्य संपर्क मार्ग टूट जाएगा और आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस या अन्य आवश्यक सेवाओं का पहुँचना असंभव हो जाएगा।इस गंभीर मुद्दे पर संबंधित विभाग और जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करता है। क्या विभाग किसी बड़ी अनहोनी के होने का इंतज़ार कर रहा है? जनहित और सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए यह आवश्यक है कि पीडब्ल्यूडी और जिला प्रशासन तत्काल इसका संज्ञान ले और युद्धस्तर पर पुलिया के नवनिर्माण की प्रक्रिया शुरू करे।

## अधिवक्ताओं ने दीवानी न्यायालय गेट पर कार्य बहिष्कार कर किया धरना प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद में अधिवक्ताओं ने आज शनिवार सुबह से ही दीवानी न्यायालय गेट पर कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। वे अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। अधिवक्ता संगठन का कहना है कि लंबे समय से यह मांग लंबित है, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अधिवक्ताओं की मुख्य मांग है कि गोंडा के नगर कोतवाली में तत्कालीन सीओ सौरभ द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। इसके साथ ही, भविष्य में अधिवक्ताओं पर कोई भी मुकदमा दर्ज करने से पहले बार एसोसिएशन को सूचित किया जाए।अधिवक्ता संगठन के सदस्यों ने इस मामले को लेकर पहले भी कई बार ज्ञापन सौंपे थे, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई।इसके बाद उन्होंने अब आंदोलन का रास्ता अपनाया है।धरने पर बैठे अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने गोंडा की जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से मुलाकात की। उन्होंने जिलाधिकारी को मुकदमों की वापसी से संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा। बार एसोसिएशन गोंडा के अध्यक्ष रवि चंद्र त्रिपाठी और पूर्व बार एसोसिएशन गोंडा के अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी ने कहा कि तत्कालीन सीओ ने अधिवक्ताओं पर गलत तरीके से मुकदमा दर्ज कराया था।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे तत्काल वापस नहीं लिए गए, तो आने वाले समय में इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी गोंडा जिला प्रशासन की होगी। इस विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। धरने के कारण दीवानी न्यायालय में आने वाले फरियादियों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। आपको बता दें कि बीते वर्ष अधिवक्ताओं के हड़ताल के दौरान तत्कालीन को सौरव से अधिवक्ताओं की कहांसुनी हुई थी। उसी को लेकर के तत्कालीन सीओ सौरभ ने अधिवक्ताओं पर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया था इसी के वापस लिए जाने को लेकर अधिवक्ता लंबे समय से मांग कर रहे हैं।




## बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा "अनुदेशक सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह"का किया गया भव्य आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। जनपद के जिला पंचायत सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा "अनुदेशकों के सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश,दानिश आजाद अंसारी,जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र,विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री,विधायक तरबगंज प्रेम नारायन,विधायक गौरा प्रभात वर्मा, जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन,अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार,भाजपा जिला अध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी,सांसद गोण्डा के प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र,सांसद कैसरगंज प्रतिनिधि संजीव सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ सभी मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने माननीय मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को भी सामूहिक रूप से सुना, जिसमें अनुदेशकों के योगदान और उनके मानदेय वृद्धि से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया।समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में उपस्थित अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय के डेमो चेक वितरित किए गए।इस दौरान अतिथियों ने अनुदेशकों के समर्पण,निष्ठा और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अनुदेशकों के सम्मान से जुड़ा यह पहल उनके मनोबल को बढ़ाने वाला बताया गया। इस अवसर पर विद्यालयों के प्रयासों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।कार्यक्रम का सफल आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग के समन्वित प्रयासों से संपन्न हुआ, जो शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है।कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सदर गोण्डा जितेंद्र गौतम,जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अमित कुमार सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में अनुदेशकगण उपस्थित रहे।




# मृत समझकर कराया अंतिम संस्कार, व्यक्ति निकला जिंदा; शव की पहचान पर उलझी पुलिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला। एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने जिस शव को मुस्तफा नामक व्यक्ति का मानकर पोस्टमार्टम कराया और अंतिम संस्कार करवा दिया, वही व्यक्ति रविवार को जिंदा घर लौट आया। घटना के बाद पुलिस समेत स्थानीय लोग भी असली मृतक की पहचान को लेकर असमंजस में हैं।जानकारी के अनुसार शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के देवरिया मैनहा मार्ग के पास गड्ढे में एक अधेड़ व्यक्ति का क्षत–विक्षत शव मिला था। ग्राम प्रधान के पति राम सजन वर्मा की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त का प्रयास किया। इसी दौरान पटेल नगर निवासी शमीम अहमद ने आशंका जताई कि शव उसके विक्षिप्त भाई मुस्तफा का हो सकता है।पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया और अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। इसी बीच मुस्तफा अचानक जिंदा घर लौट आया, जिसे देखकर परिवार के लोग हैरान रह गए।परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी कि जिस शव का अंतिम संस्कार किया गया, वह मुस्तफा का नहीं था। अब पुलिस के सामने मृतक की वास्तविक पहचान, उसकी मौत के कारण तथा शव हिंदू या मुस्लिम व्यक्ति का होने जैसे कई सवाल खड़े हो गए हैं।प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि शव काफी पुराना और क्षत–विक्षत था, इसलिए शमीम अहमद ने अपने भाई होने की आशंका जताई थी। फिलहाल मामले में मृतक की पहचान के लिए दोबारा प्रयास किए जा रहे हैं।

## बहराइच–नानपारा मार्ग पर बड़ा सड़क हादसा, पेड़ से टकराई प्राइवेट बस, 40 तक यात्री घायल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। बहराइच से नानपारा की ओर जा रही एक प्राइवेट बस रविवार को भावनियापुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे के समय बस में क्षमता से अधिक सवारियां भरी हुई थीं। दुर्घटना में लगभग 35 से 40 लोग घायल हो गए, जिनमें कई यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है।प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों के अनुसार बस चालक कथित रूप से शराब के नशे में वाहन चला रहा था तथा मोबाइल फोन का भी इस्तेमाल कर रहा था। बस में बैठे यात्रियों ने चालक को कई बार मोबाइल चलाने से मना किया, लेकिन उसने उनकी बात अनसुनी कर दी। इसी दौरान बस अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीण तुरंत राहत कार्य में जुट गए और घायलों को बस से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।108 एम्बुलेंस सेवा के म्डज राकेश कुमार एवं पायलट इल्यास सलमानी द्वारा घायलों को तत्काल नानपारा सीएचसी पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।




## मानदेय वृद्धि पर सोनभद्र में अनुदेशकों का सम्मान समारोह आयोजित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा मानदेय बढ़ाकर 17 हजार रुपये किए जाने पर जनपद के 460 अनुदेशकों को इसका लाभ मिलने की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में उत्.ष्ट कार्य करने वाले अनुदेशकों को सम्मानित किया गया तथा प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। मुख्य अतिथि संजीव कुमार गौड़ ने कहा कि सरकार शिक्षकों और अनुदेशकों के हित में लगातार कार्य कर रही है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बच्चों को मूल्य आधारित शिक्षा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षक संगठन एवं बड़ी संख्या में अनुदेशक उपस्थित रहे।

## बहराइच में लाइन हाजिर दो सिपाहियों पर मरीज से मारपीट का आरोप, लोगों ने पुलिस को सौंपा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बहराइच। थाना दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र की जीआईसी चौकी से जुड़ा मामला सामने आया है, जहां पहले से लाइन हाजिर चल रहे दो सिपाहियों पर एक मरीज के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में आक्रोश फैल गया।बताया जा रहा है कि दोनों सिपाहियों द्वारा मरीज के साथ अभद्रता और मारपीट किए जाने से नाराज लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने मामले का संज्ञान लेते हुए दोनों सिपाहियों के खिलाफ कार्रवाई की है।यह पूरा मामला थाना दरगाह शरीफ क्षेत्र स्थित जीआईसी चौकी का बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## विद्युत विभाग की लापरवाही बन सकती है जानलेवा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच द्यजनपद बहराइच के विकासखंड विश्वेश्वरगंज



अंतर्गत ग्राम पंचायत बेहनन पुरवा मानगढ़ में विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। इकौना.वीरपुर मार्ग के बीच स्थित सीताद्वार फीडर लाइन में लगा बांस का सपोर्ट टूट चुका है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।ग्रामीणों के अनुसार टूटा हुआ सपोर्ट लंबे समय से खराब अवस्था में पड़ा है और तेज हवा या बारिश के दौरान विद्युत लाइन गिरने का खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार विद्युत विभाग के कर्मचारियों को दी गई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभाग की अनदेखी के कारण क्षेत्र में लगातार हाई वोल्टेज की समस्या भी बनी हुई है, जिससे लोगों के घरेलू उपकरण खराब हो रहे हैं और जान–माल का खतरा बढ़ गया है।ग्रामीणों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि टूटे हुए बांस के सपोर्ट को हटाकर वहां स्थायी विद्युत पोल लगाया जाए तथा हाई वोल्टेज की समस्या का जल्द समाधान कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## भंगहा बाजार में चला प्रशासन का बुलडोजर, एक दर्जन से अधिक दुकानें ध्वस्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

श्रावस्ती ।जनपद के हरिहरपुररानी क्षेत्र अंतर्गत भंगहा बाजार में शनिवार को प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर बुलडोजर अभियान चलाया। ग्राम पंचायत की परती भूमि पर बने करीब एक दर्जन गुमटी और टीनशेड दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद रही तथा भारी पुलिस बल तैनात किया गया।अचानक हुई बुलडोजर कार्रवाई से दुकानदारों में आक्रोश देखने को मिला। पीड़ित दुकानदार विनोद श्रीवास्तव ने दावा किया कि उनके पक्ष में स्टे ऑर्डर था, बावजूद इसके प्रशासन द्वारा उनकी दुकान तोड़ दी गई। दुकानदारों का कहना है कि इस कार्रवाई से उनकी रोजी–रोटी छिन गई है और परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया हैमौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि संबंधित दुकानदारों को पूर्व में नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के लिए समय सीमा दी गई थी। निर्धारित समय समाप्त होने के बाद नियमानुसार बेदखली की कार्रवाई की गई।एसडीएम आशीष भारद्वाज ने कहा कि पूरी कार्रवाई शासन के निर्देशों और राजस्व नियमों के तहत की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायत की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।बुलडोजर कार्रवाई के बाद बाजार क्षेत्र में दुकानदारों और स्थानीय लोगों में नाराजगी का माहौल बना हुआ है।

# भाजपा के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन, कार्यकर्ताओं ने लिया 'विकसित भारत' का संकल्प

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती, 17 मई। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' के अंतर्गत विक्रमजोत स्थित अवधेश होटल के सभागार में आयोजित दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग एवं प्रदर्शनी का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न वैचारिक एवं संगठनात्मक विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया।कार्यक्रम के दूसरे एवं अंतिम दिन चार महत्वपूर्ण वैचारिक सत्र आयोजित किए गए। दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान में कुल 11 सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की नीति, विचारधारा एवं चुनाव प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।अष्टम सत्र "विचार परिवार" में जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेंद्र नाथ तिवारी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक रवि सोनकर ने की तथा संचालन दिलीप पाण्डे ने





किया।नवम सत्र "मीडिया प्रबंधन, सोशल मीडिया और एआई" में प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी एवं आईटी विभाग के क्षेत्रीय संयोजक अनादि प्रिय पाठक ने डिजिटल युग में सोशल मीडिया एवं एआई के प्रभावी उपयोग पर विचार रखे। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन ने की तथा संचालन वीरेन्द्र गौतम ने किया।दशम सत्र "कार्य विस्तार एवं चुनाव प्रबंधन" में उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल ने चुनाव प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। अध्यक्षता राजेन्द्र गौड़ ने की तथा संचालन विनय सिंह भरद्वाज ने किया।समापन सत्र "सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं व क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका" में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। अध्यक्षता डॉ. ममता पाण्डे ने की तथा संचालन भानु प्रकाश मिश्र ने किया।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, विधायक अजय सिंह, दयाराम चौधरी एवं संजय जायसवाल सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक जीवंत विचारधारा है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ता अब क्षेत्र में जाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को धरातल पर उतारने का कार्य करेंगे।समापन अवसर पर कार्यकर्ताओं ने दो दिनों से लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया, जिसमें जनसंघ से लेकर भाजपा के इतिहास, महापुरुषों के जीवन वृत्त तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्रों एवं संदेशों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था।इस अवसर पर अष्टभुजा शुक्ल, राजकिशोर सिंह, सुशील सिंह, यशकांत सिंह, गोपेश्वर त्रिपाठी, अजय सिंह गौतम, अंकुर वर्मा, अनिल दुबे, ध्रुव सिंह, जटाशंकर शुक्ल, प्रमोद पाण्डेय, अरविन्द पाल, डॉ. डी.ए. सिंह, श्याम बिहारी गौंड, पुष्करादित्य सिंह, गजेन्द्र सिंह, चन्द्रशेखर मुन्ना, आनन्द सिंह, शालिनी मिश्र, शिवानी सिंह, रोली सिंह, देवेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र सिंह, रामवृक्ष निषाद एवं रमेश चक्रवर्ती सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लिटिल लावर्स स्कूल मधुपुरम् में दो दिवसीय समर कैम्प का भव्य आयोजन सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। लिटिल लावर्स स्कूल



मधुपुरम् में रविवार को दो दिवसीय समर कैम्प का भव्य एवं आकर्षक आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कैम्प में कुल 23 प्रकार की मनोरंजक, रोमांचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह, निदेशक राहुल सिंह एवं निदेशिका अपर्णा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती एवं विद्यालय की संस्थापिका स्वर्गीय मधुरानी सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।समर कैम्प के प्रथम दिन नर्सरी से कक्षा तृतीय तक के लगभग 500 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जबकि दूसरे दिन कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक के लगभग 600 विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया।कैम्प में बाउंस एक्टिविटीज, ट्रैम्पोलिन, एटीवी माउंटेन बाइक, वाटर जार्निंग बॉल, पॉटरी मेकिंग, टैंडम डबल साइकिल, सूमो रेसलिंग, जिप लाइन, पूल पार्टी, रेन डांस विद डी.जे., फेस पेंटिंग, मैजिक शो, पपेट शो, टैटू, क्ले मॉडलिंग सहित अनेक रोमांचक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।समापन अवसर पर प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों के उत्साह, साहस एवं जिज्ञासु प्रवृत्ति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।निदेशक राहुल सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के 360 डिग्री विकास के लिए केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि खेल, कला, संगीत, नैतिक शिक्षा और टीम वर्क जैसी गतिविधियां भी आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा और मनोरंजन के संतुलन को बनाए रखते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करता रहेगा।निदेशिका अपर्णा सिंह ने कहा कि विद्यालय केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वासी बनाने के लिए भी निरंतर प्रयासरत है।इस अवसर पर कक्षा 4–बी की छात्रा विधिता एवं कक्षा 6–ए की छात्रा प्रतीक्षा यादव को उत्.ष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्.त किया गया।विद्यालय की प्रधानाचार्या वंदना सिंह ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के बस्ती शोरूम का हुआ भव्य री–लॉन्च

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। शहर के गांधी नगर स्थित ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स




शोरूम का रविवार को भव्य री–लॉन्च किया गया। नए एवं आधुनिक स्वरूप में तैयार किए गए शोरूम के उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राहक, शहर के गणमान्य नागरिक एवं ज्वेलरी प्रेमी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आकर्षक सजावट और प्रीमियम कलेक्शन लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे।री–लॉन्च के बाद शोरूम को अत्याधुनिक एवं आकर्षक डिज़ाइन के साथ ग्राहकों के लिए पुनः प्रस्तुत किया गया है। यहां ग्राहकों को गोल्ड, डायमंड, पोल्की एवं सिल्वर ज्वेलरी का एक्सक्लूसिव कलेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। नए स्वरूप में तैयार शोरूम में ग्राहकों को पहले से बेहतर शॉपिंग अनुभव, अधिक स्पेस और प्रीमियम डिस्प्ले की सुविधा मिलेगी।कार्यक्रम में कंपनी के डायरेक्टर अनूप सराफ एवं सौमित्र सराफ विशेष रूप से मौजूद रहे।

वहीं बस्ती शोरूम के फ्रेंचाइज़ी पार्टनर्स नंदलाल अग्रवाल, रवि अग्रवाल एवं अरुण अग्रवाल ने अतिथियों एवं ग्राहकों का स्वागत किया।इस अवसर पर कंपनी की ओर से 17 मई से 21 मई 2026 तक विशेष ऑफर्स की घोषणा भी की गई। ऑफर के तहत सोने के आभूषणों की मेकिंग चार्ज पर 25 प्रतिशत तक की छूट तथा डायमंड ज्वेलरी पर 25 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट दी जा रही है। साथ ही प्रत्येक खरीदारी पर सुनिश्चित उपहार भी ग्राहकों को प्रदान किए जाएंगे।कंपनी के डायरेक्टर अनूप सराफ एवं सौमित्र सराफ ने कहा कि बस्ती के ग्राहकों से उन्हें हमेशा प्रेम और विश्वास मिला है। इसी विश्वास को और मजबूत करने के उद्देश्य से शोरूम को नए स्वरूप में तैयार किया गया है, ताकि ग्राहकों को बेहतर अनुभव और नवीनतम ज्वेलरी कलेक्शन उपलब्ध कराया जा सके।फ्रेंचाइज़ी पार्टनर्स नंदलाल अग्रवाल, रवि अग्रवाल एवं अरुण अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि उनका प्रयास है कि बस्ती के ग्राहकों को बड़े शहरों जैसा प्रीमियम ज्वेलरी अनुभव मिले। नए शोरूम में ग्राहकों को आकर्षक डिस्प्ले, अधिक स्पेस और एक्सक्लूसिव डिज़ाइनों का शानदार कलेक्शन देखने को मिलेगा।पूर्वांचल क्षेत्र में ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स अपने उत्.ष्ट डिज़ाइन, भरोसेमंद गुणवत्ता एवं बेहतर ग्राहक सेवा के कारण ग्राहकों के बीच लगातार लोकप्रिय बना हुआ है।

# उ० प्र० माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई) की बैठक सम्पन्न, संगठन मजबूती व पुरानी पेंशन बहाली पर जोर

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। उ० प्र० माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई) की प्रदेश कार्यकारिणी की अति आवश्यक बैठक स्थानीय नेहरू इंटर कॉलेज बिछिया में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश नायक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन प्रान्तीय महामंत्री विनोद कुमार यादव ने किया। बैठक में हाल ही में सम्पन्न प्रान्तीय अधिवेशन की समीक्षा की गई तथा अधिवेशन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान देने वाले पदाधिकारियों एवं सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र ने कहा कि 7 एवं 8 मई को गोकुल भवन में आयोजित 63वां वार्षिक महाधिवेशन ऐतिहासिक रूप से सफल और प्रभावशाली रहा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष द्वारा पुरानी पेंशन बहाली को लेकर की गई घोषणा प्रदेश के शिक्षकों को काफी रास आई है।प्रदेश मंत्री राम बहाल त्रिपाठी ने कहा कि



प्रत्येक जिले में मजबूत एवं सर्वस्पर्शी कार्यकारिणी का गठन समय की आवश्यकता है। उन्होंने जिलाध्यक्षों से संविधान के अनुरूप 20 जुलाई तक जिला कार्यकारिणी गठित कर सूची प्रदेश नेतृत्व को भेजने की अपील की।प्रदेश कोषाध्यक्ष आश नारायण राय ने कहा कि ठकुराई गुट संघर्षों का पर्याय रहा है तथा संगठन की मजबूती उसकी सदस्य संख्या पर निर्भर करती है। इसलिए जुलाई माह से सदस्यता अभियान तेज करने की आवश्यकता है।गोरखपुर जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हीरालाल गौड़ ने कहा कि शिक्षक समस्याओं का समाधान जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर दबाव बनाकर ही संभव है। इसके लिए इकाइयों से सतत संपर्क बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू कराने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता दोहराई।महामंत्री विनोद यादव ने कहा कि धारा 12, 18 एवं 21 की बहाली के लिए संगठन पूरी निष्ठा के साथ संघर्ष करेगा।अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जयप्रकाश नायक ने आगामी आंदोलनों और संघर्षों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि ग्रीष्मावकाश में शिक्षकों को स्टेशन न छोड़ने का आदेश तुगलकी फरमान है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक एकजुट होकर सरकार के खिलाफ संघर्ष करने के लिए तैयार हैं।बैठक के दौरान हाल ही में सम्पन्न प्रदेश महाधिवेशन को सफल बनाने वाले पदाधिकारियों एवं सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में एफ.आर. खो, राम लखन वर्मा, मनीष कुमार अग्रहरि, धर्मेंद्र गिरधारी पाल, अभिषेक सिंह, विवेक वीर सिंह, राज किशोर यादव, संजीव कुमार गुप्ता, पवन विश्वकर्मा, बृजेश कुमार यादव, अजय मिश्र, दिनेश शुक्ल, विनोद यादव, संजय ए. बी. पासवान सहित अनेक सदस्य शामिल रहे।

## परिवार परामर्श केंद्र की प्रभावी पहलः 06 प्रकरणों की सुनवाई, 03 मामलों में आपसी सहमति से सुलह

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला थाना



रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवादों से संबंधित मामलों की सुनवाई महिला थाना प्रभारी रॉबर्ट्सगंज की अध्यक्षता में की गई। कुल 06 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें दोनों पक्षों को उपस्थित कराकर काउंसलिंग एवं आपसी संवाद की प्रक्रिया अपनाई गई।सुनवाई एवं विस्तृत परामर्श के उपरांत 03 प्रकरणों में दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति स्थापित कर सुलह–समझौता कराया गया, जिससे संबंधित परिवारों में पुनः सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित हुआ। शेष 03 प्रकरणों में आपसी सहमति न बन पाने के कारण अग्रिम तिथि नियत कर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की गई है।महिला थाना रॉबर्ट्सगंज द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं पारिवारिक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

## सर्वोच्च न्यायालय में विशेष लोक अदालत का होगा आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशन में न्याय को सरल एवं सुलभ बनाने के उद्देश्य से "समाधान समारोह 2026" के अंतर्गत विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान 21 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ सम्पन्न होगा।विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों का सुलह–समझौते के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा। इसके पूर्व राज्य, जिला एवं तालुका स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरणों के मध्यस्थता केंद्रों पर सुलह बैठकों का आयोजन किया जाएगा।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 22, 26 एवं 30 मई 2026 को विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन किया जाएगा।आमजन अपने लंबित मामलों को समाधान समारोह में शामिल कराने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध गूगल फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है।यह जानकारी राहुल ने दी।

## "ड्रिंक एंड ड्राइव" व प्रेशर हॉर्न के खिलाफ सोनभद्र पुलिस का अभियान जारी

सोनभद्र। सोनभद्र पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सु.ढ़ बनाने के लिए विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारू द्विवेदी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।अभियान के तहत थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र स्थित लोढ़ी टोल प्लाजा पर वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने तथा प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 8 वाहनों को सीज किया गया तथा 25 वाहनों का चालान किया गया।वहीं थाना चोपन क्षेत्र के मालोघाट टोल प्लाजा पर चलाए गए "ड्रिंक एंड ड्राइव" अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 5 वाहनों का चालान किया गया।अभियान के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, शराब पीकर वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन संचालन करने तथा प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न करने के प्रति जागरूक भी किया गया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार चलाए जाते रहेंगे।

## कोन रूसोन नदी में डूबने से दो छात्रों की दर्दनाक मौत, बरवाडीह गांव में पसरा मातम

दैनिक बुद्ध का संदेश

कोन/सोनभद्र। कोन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरवाडीह में रविवार का दिन मातम में बदल गया, जब सोननदी में डूबने से दो किशोर छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया। एक साथ दो युवाओं की मौत की खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बरवाडीह निवासी विमलेश पासवान (19) पुत्र अशोक पासवान तथा अवनीश कन्नौजिया पुत्र सिकंदर कन्नौजिया उम्र लगभग 18अपने साथी रामगढ़ निवासी धीरज के साथ स्कूटी से कोन ट्यूशन पढ़ने आए थे। तीनों इंटरमीडिएट के छात्र बताए जा रहे हैं। ट्यूशन समाप्त होने के बाद तीनों दोस्त घूमने के उद्देश्य से सोन नदी की ओर चले गए।बताया जा रहा है कि नदी किनारे पहुंचने के बाद विमलेश और अवनीश नहाने के लिए पानी में उतर गए, जबकि उनका साथी धीरज किनारे पर ही मौजूद था। नहाने के दौरान अचानक दोनों छात्र गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बचाव के लिए दोनों की चीख–पुकार सुनकर धीरज घबरा गया और आसपास मौजूद लोगों को मदद के लिए आवाज लगाने लगा।शोर सुनकर ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और जान बचाने के लिए नदी में उतर गए। काफी मशक्कत के बाद दोनों छात्रों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दोनों की सांसें थम चुकी थीं। यह .श्य देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।घटना की सूचना मिलते ही कोन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।एक साथ दो होनहार छात्रों की मौत से बरवाडीह गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों के घरों में चीख–पुकार मची हुई है। गांव के लोग इस हादसे से स्तब्ध हैं। हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि आखिर कुछ ही पलों में दो परिवारों की खुशियां कैसे उजड़ गईं।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सोन नदी के खतरनाक घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था और चेतावनी बोर्ड लगाए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रकः– श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक– राजेश कुमार शर्मा
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458 9415163471, 9453824459 दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# सूर्या के आगे पानी भरते दिखे आयुष्मान खुराना और संजय दत्त, करुप्पु ने लूटा बॉक्स ऑफिस पहले दिन कूट डाले 14.40 करोड़



सिनेमाघरों में इस शुक्रवार (15 मई, 2026) को एक साथ 3 फिल्मों के बीच महामुकाबला देखने को मिला। बॉक्स ऑफिस पर साउथ के अभिनेता सूर्या की करुप्पु, आयुष्मान खुराना की रोमांटिक–कॉमेडी पति पत्नी और वो 2 और संजय दत्त की सस्पेंस–थ्रिलर आखिरी सवाल एक ही दिन रिलीज हुईं। अब पहले दिन की कमाई के जो आंकड़े सामने आए हैं, उसने साफ कर दिया है कि दर्शकों पर सिर्फ साउथ सुपरस्टार सूर्या का जादू चला है। आयुष्मान, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी अभिनीत पति पत्नी और वो दो ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर खास शुरुआत नहीं की। सैकनिल्क के मुताबिक, इस फिल्म ने अपने ओपनिंग डे पर 3.85 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। हालांकि, ये फिल्म बंपर ओपनिंग लेने में नाकाम रही और 2019 में आई अपने ही प्रीक्वल पति पत्नी और वो (जिसने पहले दिन 9.10 करोड़ कमाए थे) के मुकाबले आधी कमाई भी नहीं कर सकी।

संजय दत्त, अमित साध और नमाशी चक्रवर्ती की पॉलिटिकल–ड्रामा फिल्म आखिरी सवाल भी 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ  की यात्रा पर आधारित इस फिल्म को लेकर रिलीज से पहले काफी विवाद और चर्चाएं थीं, लेकिन ये चर्चा कमाई में तब्दील नहीं हो सकी। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब प्रदर्शन किया और ओपनिंग डे पर महज 40 लाख रुपये जुटा पाई। फिल्म को लेकर दर्शकों की प्रतिक्रिया बेहद ठंडी रही।

दूसरी ओर आर्थिक दिक्कतों और शोज रद्द होने जैसी कई शुरुआती मुश्किलों का सामना करने के बाद सूर्या और तृषा कृष्णन की एक्शन–ड्रामा फिल्म करुप्पु एक दिन की देरी से 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। तमाम अड़चनों के बावजूद इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कदम रखते ही धमाल मचा दिया है। सैकनिल्क के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, इस फिल्म ने देशभर में पहले दिन 14.40 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की है।

आरजे बालाजी के निर्देशन में बनी फिल्म करुप्पु में सूर्या एक ऐसे जांबाज वकील और योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं, जो अदालती लड़ाई जीतना बखूबी जानता है। ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म की पटकथा अश्विन रविचंद्रन और राहुल राज सहित अन्य लेखकों ने मिलकर लिखी है। फिल्म में सूर्या और तृषा कृष्णन के साथ–साथ योगी बाबू, स्वासिका, इंद्रन्स, शिवदा, नट्टी सुब्रमण्यम और सुप्रीत रेड्डी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।

## लोकाह चैप्टर 1 एक्ट्रेस ने कान्स में ढाया कहर, बॉडीकॉन ड्रेस में कल्याणी प्रियदर्शन ने दिए कातिलाना पोज

साउथ एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में रेड कार्पेट पर डेब्यू कर हर किसी का ध्यान खींच लिया. अपने ग्लैमरस लुक और स्टाइलिश अंदाज से एक्ट्रेस ने फैंस को



खूब इंप्रेस किया. उनकी कई फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. कान्स 2026 के चौथे दिन कल्याणी प्रियदर्शन ने रेड कार्पेट पर सारी लाइमलाइट लूट ली थी. एक्ट्रेस ने खुद अपनी कई फोटोज शेयर की हैं. अपने कान्स डेब्यू के लिए कल्याणी प्रियदर्शन ने बेहद रॉयल और क्लासी लुक चुना. एक्ट्रेस पर्पल कलर के स्ट्रैपलेस गाउन में रेड कार्पेट पर नजर आईं. कल्याणी ने इस गाउन के साथ चोकर और मैचिंग ईयररिंग्स पेयर किए थे. जो लुक को काफी ग्रेसफुल बना रहे थे. अपने लुक को और भी खास बनाने के लिए कल्याणी ने सटल मेकअप किया था, जिसमें शाइनी आई मेकअप और लाइट पिंक लिप्स्टिक शामिल थी. वहीं, उन्होंने अपने बालों को ओपन रखा था, जिसमें वो काफी खूबसूरत लग रही थी. सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस के लुक की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं. फैंस उनके इस अंदाज पर फिदा हो गए हैं. बता दें, कल्याणी प्रियदर्शन साउथ सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं. उन्होंने साल 2017 में तेलुगु फिल्म हेलो से एक्टिंग डेब्यू किया था. इसके बाद हृदयम, मानदु और एंटनी जैसी कई फिल्मों में काम किया. लेकिन उन्हें साल 2025 में आई फिल्म लोका चैप्टर 1: चंद्रा से पहचान मिली.

## फिल्म पेड्डी से दिव्येंदु की आई पहली झलक, खलनायक बनकर मचाएंगे तहलका

सुपरस्टार राम चरण की फिल्म पेड्डी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोर रही है। गेम चेंजर (2025) के बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने के बाद लोग उनकी इस फिल्म से काफी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। फिल्म में जाह्नवी कपूर मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। इसके अलावा एक और बॉलीवुड अभिनेता हैं, जो पेड्डी में तहलका मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह वेब सीरीज मिर्जापुर वाले दिव्येंदु हैं, जिनकी फिल्म से पहली झलक आ गई है। पोस्टर में दिव्येंदु को रामबुज्जी




के किरदार में पेश किया गया है। फिल्म में उन्हें ग्रामीण आंध्र प्रदेश की क्रिकेट से भरी दुनिया में अपना दबदबा बनाए रखने वाले एक निर्मम खलनायक के रूप में देखा जाएगा। पोस्टर में उनका जोशीला और तीव्र लुक देखने को मिला है, जो कहानी में एक रोमांचक, प्रतिद्वंदी और गंभीर टकराव होने का संकेत देता है। फिल्म का ट्रेलर 18 मई को रिलीज होगा, जबकि ये 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राम चरण की पेद्दी को लेकर लोगों में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है, क्योंकि मेकर्स फिल्म में राम चरण के जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन वाले शानदार पोस्टर और दमदार झलकियां लगातार जारी कर रहे हैं। बुची बाबू सना द्वारा लिखी और निर्देशित श्क्कद्गस्स्रद्क्य में राम चरण मुख्य भूमिका में हैं, और उनके साथ शिव राजकुमार, जाह्नवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी नजर आएंगे। वृद्धि सिनेमाज के बैनर तले वेंकट सतीश किलारू द्वारा निर्मित और मैत्री मूवी मेकर्स के सहयोग से बनी यह फिल्म दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्सुकता जगा रही है। धुरंधर और राजा शिवाजी की शानदार सफलता के बाद, पेद्दी को उत्तरी भारत (नॉर्थ इंडिया) में जियो स्टूडियोज द्वारा रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का प्रीमियर 3 जून, 2026 को दुनिया भर में होगा, जिसके बाद 4 जून, 2026 को इसे दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

## तूफान से पहले की शांतिः एनटीआरनील के धमाकेदार फर्स्ट ग्लिम्प्स से पहले मेकर्स ने जारी की नई झलक

एनटीआरनील उन सबसे बड़ी फिल्मों में शामिल है, जिसका हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है. मैन ऑफ द मासेस एनटीआर और मशहूर निर्देशक प्रशांत नील जैसे इंडस्ट्री के दो बड़े



नाम पहली बार साथ आ रहे हैं, जिससे यह फिल्म बड़े पर्दे पर एंटरटेनमेंट को नए लेवल पर ले जाने वाली एक विशाल सिनेमाई पेशकश बन गई है. फिल्म की पहली झलक 19 मई की आधी रात को आने वाली है, जो 20 मई को एनटीआर के जन्मदिन के मौके से भी जुड़ी है. इसी बीच मेकर्स ने एक नई तस्वीर जारी कर उत्साह को और बढ़ा दिया है.  19 मई की आधी रात होने वाले एनटीआरनील के बड़े ग्लिम्प्स रिवील से पहले मेकर्स ने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें रेगिस्तान में एक शख्स हाथ में डंडा लिए खड़ा नजर आ रहा है. इस तस्वीर ने अब आगे क्या सामने आने वाला है, इसे लेकर फैंस की उत्सुकता और बढ़ा दी है. इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, तूफान से पहले की शांति, बाकी खाली जगह में क्या भरना है, ये आप जानते हैं. हैदराबाद में होने वाले एनटीआर के जन्मदिन के जश्न और 19 मई की आधी रात को रिलीज होने वाली एनटीआरनील की झलक के साथ, यह मौका देश भर के फैंस के लिए एक बड़ा सेलिब्रेशन बनने जा रहा है. यह पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों खुशियों को एक साथ लाता है, जिससे उत्साह और इंतजार की एक लहर पैदा हो गई है.  फिल्म ने अपने ऐलान के बाद से ही जबरदस्त चर्चा बटोरी है, और फैंस इसकी हर अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. दो बड़े पावरहाउस नामों के साथ आने से एनटीआरनील सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल हो चुकी है और दर्शक यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि यह मेगा कोलैबोरेशन बड़े पर्दे पर क्या कमाल दिखाएगा. प्रशांत नील के निर्देशन में बन रही एनटीआरनील में एनटीआर लीड रोल में नजर आएंगे. फिल्म माइथ्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स के बैनर तले बनाई जा रही है.

## काली पड़ गई है कड़ाही तो अपनाएं ये 5 चमत्कारी घरेलू उपाय, आएगी नई जैसी चमक



कड़ाही का इस्तेमाल खाना बनाने के लिए किया जाता है। हालांकि, समय के साथ इसमें काले दाग लग जाते हैं, जो इसकी चमक को कम कर देते हैं। इन दागों को हटाने के लिए कुछ सरल और असरदार घरेलू नुस्खे अपनाए जा सकते हैं। इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी कड़ाही को फिर से नया जैसा बना सकते हैं और लंबे समय तक इसका उपयोग कर सकते हैं।

गर्म पानी और सिरका आएगा काम

कड़ाही के काले दाग हटाने के लिए गर्म पानी और सिरका एक बेहतरीन उपाय हो सकता है। सबसे पहले कड़ाही को गर्म पानी से भरें और उसमें 2 चम्मच सिरका मिलाएं। अब इसे 10–15 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद नरम ब्रश या स्पंज से हल्के हाथों से रगड़ें। इससे कड़ाही के दाग आसानी से निकल जाएंगे और वह चमकने लगेगी। ध्यान रखें कि कड़ाही को ज्यादा जोर से न रगड़ें, ताकि उसकी सतह खराब न हो।

बेकिंग सोडा का करें उपयोग

बेकिंग सोडा भी कड़ाही की सफाई के लिए एक अच्छा तरीका हो सकता है। इसके लिए सबसे पहले कड़ाही को धोकर सुखा लें। फिर उसमें थोड़ी मात्रा में बेकिंग सोडा छिड़कें और कुछ देर के लिए छोड़ दें, ताकि वह अच्छी तरह से अवशोषित हो सके। इसके बाद नरम ब्रश या स्पंज से हल्के हाथों से रगड़ें। इससे कड़ाही के दाग आसानी से निकल जाएंगे और वह चमकने लगेगी। ध्यान रखें कि कड़ाही को ज्यादा जोर से न रगड़ें।

नींबू का रस करें इस्तेमाल

नींबू का रस प्राकृतिक रूप से खट्टा होता है, जो कड़ाही के दाग हटाने में मदद कर सकता है। इसके लिए एक नींबू को आधा काटकर उसके रस को दाग वाले हिस्से पर लगाकर कुछ मिनट छोड़ दें, फिर नरम कपड़े से पोंछ दें। इससे दाग आसानी से निकल जाएंगे और कड़ाही चमकदार हो जाएगी। यह तरीका न केवल असरदार है, बल्कि कड़ाही की सतह को नुकसान भी नहीं पहुंचाता, जिससे वह लंबे समय तक सही रहती है।

नमक और पानी का मिश्रण बनाएं

नमक और पानी का मिश्रण भी कड़ाही साफ करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए एक कपड़े में नमक डालकर उसे गीला करें। इसे दाग वाले हिस्से पर लगाकर कुछ मिनट छोड़ दें, ताकि वह अच्छी तरह से अवशोषित हो सके। इसके बाद नरम कपड़े से पोंछ दें। इससे कड़ाही के दाग आसानी से निकल जाएंगे और वह चमकने लगेगी। ध्यान रखें कि कड़ाही को ज्यादा जोर से न रगड़ें, ताकि उसकी सतह खराब न हो।

नियमित देखभाल करें

कड़ाही को साफ रखने के लिए नियमित रूप से देखभाल करना जरूरी है। खाना बनाने के बाद तुरंत ही गर्म पानी से धो लें और सुखा लें, ताकि कोई भी अवशेष न बचें। महीने में एक बार इन तरीकों का उपयोग करें, ताकि कढ़ाई हमेशा नई जैसी दिखे और उसके जीवनकाल में वृद्धि हो सके। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपनी कड़ाही को लंबे समय तक सही रख सकते हैं।